सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 6:21

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 10.3 न्यू | 25.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,238 |
| निफ्टी | 59,839 |

सोना 1,67,471 चांदी 2,89,848

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 4 मार्च 2026 | 21 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 66, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**होली की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**



'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

**अंक बंद रहेगा**

होली पर 4 मार्च को अवकाश रहेगा। 5 मार्च को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 6 मार्च, 2026 को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

# ट्रंप ने किया ईरानी एयर डिफेंस पूरी तरह तबाह होने का दावा

## कहा-ईरान चाहता है बातचीत; लेकिन अब हो चुकी देर, अब तक 787 मरे

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**



अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग खतरनाक रूप लेती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान बातचीत करना चाहता है, लेकिन अब इसके लिए बहुत देर हो चुकी है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि ईरान का डिफेंस सिस्टम और लीडरशिप लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की एयर डिफेंस, एयरफोर्स और नेवी तबाह हो चुकी है। हालांकि, इससे पहले रविवार को ट्रंप ने कहा था कि वह ईरानी नेताओं से बातचीत के लिए तैयार हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ईरान से बातचीत करेंगे। इसका मकसद मिडिल-ईस्ट देशों पर हो रहे हमलों को रोकना और बढ़ते तनाव को कम करना है। पुतिन सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से फोन पर बातचीत कर चुके हैं। दोनों नेताओं ने संघर्ष के गंभीर परिणामों को लेकर चिंता जताई।

**जंग में ईरान का नुकसान:** 4 दिन में 787 लोगों की मौत हो चुकी है। 153 शहरों को निशाना बनाया गया। कुल 504 जगहों पर 1,039 हमले हुए। यह जानकारी ईरानियन रेड क्रिसेंट सोसायटी ने दी है। (अनंत ज्ञान)

### दुबई-अबूधाबी से 2100 से ज्यादा भारतीय लौटे

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग के बीच मिडिल ईस्ट में फंसे 2100 से ज्यादा भारतीय 7 फ्लाइट्स से मंगलवार को देश लौटे। उधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने मंगलवार को ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात कर वहां हुए हमलों की निंदा की। एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गईं।

◆ **पीएम मोदी ने की ओमान पर हमले की निंदा**

### भारत के पास बचा है सिर्फ 25 दिन का तेल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान-इसराइल युद्ध के बीच भारत के पास अब सिर्फ 25 दिनों का क्रूड ऑयल यानी कच्चा तेल और रिफाइंड ऑयल का स्टॉक बचा है। सूत्रों के अनुसार देश की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर यह अपडेट दिया है। हालांकि, सरकार अभी पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाएगी। वहीं, होर्मुज रूट के बंद होने से दुनिया के कई देशों की तेल सप्लाई पर प्रभाव पड़ेगा, जिसमें भारत समेत एशियाई देशों पर सबसे ज्यादा असर होगा। इस रूट के बंद होने कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। अभी ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 5.58 प्रतिशत बढ़कर 80.41 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई है।

# पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए 17 करोड़ जारी : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं तथा शहीदों के आश्रितों के कल्याण और सम्मान के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिक और उनके परिवार राज्य का गौरव हैं तथा राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अतुलनीय योगदान और सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा। सरकार उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 2,263 लाभार्थियों को 17 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इनमें 968 वृद्धावस्था पेंशनरों को 6.12 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है, जबकि 1,084 वीरता पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपए का मानदेय प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त शहीद अथवा युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के 57 आश्रितों को 7.62 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी गई है तथा 154 युद्ध जागीर लाभार्थियों को 20.83 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन के लिए 2.28 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे युवाओं में देशसेवा की भावना सुदृढ़ होगी।

◆ **वीरता पदक विजेताओं और शहीद परिवारों को मिलेगा आर्थिक संबल**

◆ **मेजर सोमनाथ प्रशिक्षण अकादमी के विस्तार को 10.26 करोड़ का किया प्रावधान**

### अकादमी सुदृढ़ीकरण से युवाओं को मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां के चार सैनिकों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 के लिए मंडी जिला के बरछ्वाड़ स्थित मेजर सोमनाथ प्रशिक्षण अकादमी के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु 10.26 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह अकादमी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है, जिससे वे सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए सशक्त और सक्षम बन सकें। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के सम्मान में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी होली की बधाई

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्व है। वहीं, सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि होली उत्सव को हर संप्रदाय एवं धर्म के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को और मजबूत बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार आप सबके जीवन में नई उमंग और उल्लास लेकर आएं।

### ईरान के गेरास में 4.3 तीव्रता का भूकंप




**एजेंसी, ईरान।** अमेरिका-इजरायल से जंग के बीच ईरान में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया है। यह भूकंप ईरान के गराश प्रांत में आया है। यह इलाका सेस्मिक एक्टिविटी का कंद्र है, लेकिन युद्ध के बीच आए भूकंप की वजह से इसे लेकर तरह-तरह के अनुमान लगाए जा रहे हैं और इसे न्यूक्लियर टेस्ट से जोड़ा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पीवी सिंधु दुबई से सुरक्षित लौटीं भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले कुछ दिनों से दुबई में फंसी हुई थीं। वहां बढ़ते संघर्ष और तनाव के कारण हालात काफी बिगड़ गए थे, जिससे उनके और उनके स्टाफ के लिए सुरक्षित निकलना मुश्किल हो गया था। अब पीवी सिंधु आखिरकार सुरक्षित अपने घर बेंगलुरु लौट आई हैं। भारत लौटने के बाद सिंधु ने एक्स पर अपनी सुरक्षित वापसी की जानकारी शेयर की और राहत की सांस ली। (अनंत ज्ञान)



# सोलन में सौतेले बाप ने की अढ़ाई साल के मासूम की हत्या

अनंत ज्ञान



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**ब्यूरो, सोलन।** थाना सदर सोलन के तहत सलोगड़ा में अढ़ाई वर्ष के मासूम की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी कोई और नहीं, बल्कि बच्चे का सौतेला पिता निकला। पुलिस ने हत्या के आरोप में 32 वर्षीय राज थापा को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला तब उजागर हुआ जब एक मार्च को बच्चे के शव को दफनाने ले जाते समय ग्रामीणों ने संदेह जताते हुए पंचायत प्रधान को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान प्रवीण (2.5 वर्ष) के रूप में हुई। मां तारा देवी ने पहले पुलिस को बताया कि 28 फरवरी की शाम बच्चा आंगन में खेलते समय गिर गया था और अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया, लेकिन पोस्टमार्टम के दौरान मौत सामान्य न होने की बात सामने आई, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। बच्चे के पिता राजेंद्र महत ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि रंजिश के चलते सौतेले पिता राज थापा ने उसके बेटे की गला और छाती दबाकर हत्या की है। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ दिन पहले बच्चे की अभिरक्षा को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की गहन जांच जारी है।

# हिमाचल में स्वास्थ्य मंत्री की बेटी गीतांजलि को मिला प्रमोशन डाइट सोलन में बनीं प्रिंसिपल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल सरकार ने स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की बेटी गीतांजलि कश्यप को पहले सेवा विस्तार दिया और अब उन्हें पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया है। वह डाइट सोलन में कार्यरत हैं। हाल ही में उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था। राज्य सरकार ने स्कूलों में कार्यरत 56 प्रवक्ता और मुख्य अध्यापकों को पदोन्नत कर प्रधानाचार्य बनाया है।

विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की अनुशंसा के आधार पर सचिव शिक्षा राकेश कंवर ने इस संबंध में पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। पदोन्नति के बाद भी ये शिक्षक उन्हीं स्कूलों में कार्यरत रहेंगे, क्योंकि स्कूलों में बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। 31 मार्च तक विभाग में तबादलों पर भी प्रतिबंध है, इसलिए नई नियुक्ति के आदेश विभाग अलग से जारी करेगा।

# हिमाचल में राज्यसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सियासी हलचल

## 5 मार्च को कांग्रेस विधायक दल की निर्णायक बैठक, स्थानीय चेहरे की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल चरम पर है। कांग्रेस ने 5 मार्च को सुबह 11 बजे विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इसी दिन पार्टी प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में बैठक को अंतिम रणनीति और औपचारिक निर्णय की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है।

पार्टी के भीतर इस बार स्थानीय नेता को राज्यसभा भेजने की मांग जोर पकड़ती दिख रही है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भी संगठन स्तर पर यह आग्रह रखा है कि हिमाचल से जुड़े वरिष्ठ और जमीनी नेता को ही अवसर दिया जाए, ताकि प्रदेश की आवाज संसद में प्रभावी ढंग से उठ सके। चर्चा में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और पवन खेड़ा के नाम उछले हैं। हालांकि, राजनीतिक हलकों में यह भी कहा जा रहा है कि सुप्रिया श्रीनेत सक्रिय दावेदार नहीं मानी जा रहीं। प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल का नाम भी कयासों में है। वहीं, वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को मजबूत हिमाचली दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने प्रत्याशी चयन का अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान पर छोड़ दिया है। हालांकि, उन्होंने प्रदेश के अधिकांश विधायकों और मंत्रियों की राय से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया है, जिसमें हिमाचली चेहरे को प्राथमिकता देने की भावना प्रमुख बताई जा रही है। 5 मार्च को नामांकन दाखिल होंगे, जबकि 16 मार्च को मतदान और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### राज्यसभा चुनाव: भाजपा ने हिमाचल से फिलहाल नहीं उतारा प्रत्याशी

**शिमला।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए विभिन्न राज्यों से अपने उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दे दी है, लेकिन हिमाचल से फिलहाल पार्टी ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। जारी सूची के अनुसार बिहार से डॉ. नितिन नवीन और शिवेश कुमार, असम से तेराश गोवाला और जोगेन मोहन, छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा तथा हरियाणा से संजय भाटिया को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा ओडिशा से मनमोहन सामल और सुजीत कुमार तथा पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा को मैदान में उतारा गया है। पार्टी की ओर से जारी इस आधिकारिक घोषणा के बाद संबंधित राज्यों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्यसभा चुनाव को लेकर दलों के बीच रणनीतिक बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

# सड़क हादसे में होली मनाने जा रहे पति-पत्नी समेत 6 की मौत

**एजेंसी, हाथरस**



यूपी के हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के डबल डेकर बस ने चलती ईको वैन को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में 3 आगरा और 3 राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले थे। होली के लिए घर जा रहे थे।

बस दिल्ली से गोरखपुर, जबकि वैन दिल्ली से धौलपुर जा रही थी। ओवरटेक करने की कोशिश करते वक्त टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन उछलकर 10 फीट दूर गिरी। उसका पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि बस सवार यात्रियों को चोट नहीं आई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस अफसर पहुंचे। घायलों को तत्काल खंदौली सीएचसी भिजवाया,। जहां से तीन को आगरा रेफर कर दिया। हादसा सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में हुआ। (अंनत ज्ञान)

# यूट्यूब पर पीएम मोदी ने छुआ 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री के फोलोअर्स नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। विश्व नेताओं में, प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब पर सबसे अधिक सब्सक्राइबर हैं।

रैंकिंग के अनुसार, वे इस श्रेणी में अन्य सभी से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, जिनके सब्सक्राइबर प्रधानमंत्री मोदी के सब्सक्राइबर का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है। सब्सक्राइबर के मामले में प्रधानमंत्री मोदी के पास राहुल गांधी से लगभग तीन गुना और आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से चार गुना से भी अधिक सब्सक्राइबर हैं।

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद हासिल की गई है। उन्होंने हाल ही में इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाले वे पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

# चंद्र ग्रहण में देशभर में मंदिरों के कपाट रहे बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण मंगलवार दोपहर 3.21 बजे शुरू हुआ और यह शाम 6.47 बजे तक रहा। ग्रहण का 'सूतक काल' सुबह शुरू हो गया था। देशभर के मंदिरों के पट मंगलवार सुबह मंगल आरती के बाद बंद कर दिए गए।

ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में भगवान को स्नान कराया गया और श्रृंगार होगा, भोग आरती के बाद मंदिर शाम 7 बजे से रात तक खुले रहे। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार सुबह भस्म आरती के दौरान होली उत्सव मनाया गया। महाकालेश्वर मंदिर में कपाट बंद नहीं किए जाएंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देशभर में मौसम तकरीबन साफ रहा और कई जगह पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई दिया। भारत में चंद्रग्रहण सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के तेजू नगर में दिखाई दिया। चंद्र ग्रहण पूरे एशिया में देखा गया। वहीं, हिमाचल के मंदिरों में भी ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई गई और देवी-देवताओं की मूर्तियों को स्नान करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कंडवाल में बिना कागजात के लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा -पेज 5
- होली मेले की सांस्कृतिक संध्या में उमड़ रही लोगों की भारी भीड़ -पेज 6
- किरतपुर-मनाली फोरलेन पर खतरनाक स्टंट -पेज 9
- धर्मपुर क्षेत्र में दो युवकों से 8.49 ग्राम चिट्टा बरामद -पेज 12


# हिमाचल प्रदेश में सर्पदंश नोटिफाइएबल डिजीज घोषित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सर्पदंश को अब नोटिफाइएबल डिजीज घोषित कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के बाद अब प्रदेश में होने वाले हर सर्पदंश के मामले की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य होगा।

सरकार का मानना है कि इस कदम से सर्पदंश के मामलों की सही गणना हो सकेगी और प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। विशेषकर बरसात और गर्मियों के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है, ऐसे में यह निर्णय जनस्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

◆ **हर मामले की सूचना देना हुआ अनिवार्य**

स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि सर्पदंश के प्रत्येक मामले की त्वरित रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर दर्ज की जाए। साथ ही, संबंधित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने और जीवनरक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य सर्पदंश से होने वाली मृत्यु दर को कम करना और आपातकालीन उपचार व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

**पहल**

## बरसात के मौसम में होने वाले करोड़ों रुपए के नुकसान की होगी बचत, सुचारु रहेगा यातायात

# हिमाचल की सड़कों के लिए वरदान बनेगी एनएचएआई की स्लोप प्रोटेक्शन तकनीक

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से परवाणु-शिमला फोरलेन पर स्लोप प्रोटेक्शन को लेकर किया नवाचार राज्य की सड़कों के लिए वरदान साबित हो सकता है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

स्लोप प्रोटेक्शन तकनीक से हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र के लिए कारगर मानी जा रही है। यही कारण है कि प्रदेश का लोक निर्माण विभाग अब अपने अधिकारियों को इस तकनीक का प्रशिक्षण करवा रही है। पहाड़ों की लैंडस्लाइडिंग से हिमाचल में बरसात के दौरान हजारों छोटी-बड़ी सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं। सड़कों की मरम्मत पर सरकार को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। ऐसे में यदि प्रदेश सरकार एनएचएआई की स्लोप प्रोटेक्शन तकनीक को अपनाती है तो इससे जहां बारिश और बरसात के मौसम में यातायात सुचारु रहेगा, वहीं हर साल खर्च हो रहे करोड़ों रुपए की बचत भी होगी।



सोलन-शिमला फोरलेन पर एनएचएआई की स्लोप प्रोटेक्शन तकनीक का अध्ययन करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी। अनंत ज्ञान

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किया अध्ययन

**राष्ट्रीय** राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के स्लोप प्रोटेक्शन कार्यों से प्रभावित हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एनएच-5 के सोलन-शिमला फोरलेन परियोजना स्थल पहुंचकर स्लोप प्रोटेक्शन की बारीकियों का अध्ययन कर रहे हैं। गत दिनों पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के लिए एनएचएआई द्वारा दो दिवसीय विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें स्लोप प्रोटेक्शन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। पहले दिन शिमला जोन के एनएचएआई अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी टीम को साइट विजिट कराया और प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्लोप प्रोटेक्शन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़क क्षति की रोकथाम के लिए ये तकनीकें अत्यंत उपयोगी साबित हो रही हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने एनएचएआई की उन्नत विधियों का अध्ययन किया, जो भविष्य में हिमाचल की सड़कों के रखरखाव में सहायक होंगी।

### कांगड़ा, मंडी व हमीरपुर जोन के अधिकारी भी पहुंचे

**सोलन**-शिमला फोरलेन पर एनएचएआई की स्लोप प्रोटेक्शन तकनीक का अध्ययन करने पीडब्ल्यूडी चंबा ,कांगड़ा, मंडी और हमीरपुर जोन के अधिकारी भी पहुंचे। इस सिलसिले में अधिकारियों के लिए दो दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। साइट विजिट और प्रेजेंटेशन के जरिए स्लोप प्रोटेक्शन तकनीकों व इस्तेमाल होने वाली सामग्री की बारीकियां साझा कीं। अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता व प्रभाव का मूल्यांकन किया, ताकि राज्य के अन्य सड़क प्रोजेक्ट्स में इसे अपनाया जा सके।

### क्या कहते हैं एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी

**एनएचएआई** के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्लोप प्रोटेक्शन न केवल सड़कों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि यात्रियों की जान भी बचाता है। एनएचएआई के कार्यों से प्रेरित होकर उत्तराखंड सरकार के पीडब्ल्यूडी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश का दौरा कर स्लोप प्रोटेक्शन तकनीकों का अवलोकन कर चुके हैं।


होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।


KLB DAV COLLEGE FOR GIRLS
PALAMPUR KANGRA (HP)
NAAC ACCREDITED "B" Grade
Admission Open Session 2026-27
BA, B.COM, BBA, BCA, D.EL.Ed/JBT, B.Ed, M.com, MCA, MA (hindi, history, pol-Science)
Sh. B.B.L. Butail
President
Sh. Rajinder Singh
General Secretary
Prof (Dr) R S Rana
Director
Heartiesh Greeting to All Citizens on the Occasion of Holi-2026
Contact : 01894-232584
Email : principal@klbdavcollege.org


Holi Hai
NEUGAL PUBLIC SEN SEC SCHOOL
BINDRABAN PALAMPUR
CBSE AFFILIATED NEW DELHI / AFFILIATION NO. 630128 School Code:43111
ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2026-2027
Aseem Awasthi
Principal
CLASS NURSERY TO XII (ALL STREAMS)
TRANSPORT FACILITIES AVAILABLE TO ALL AREAS
Contactcs 8988171485, 9501587622 E-mail: principal_npss@rediffmail.com



मैसर्ज पार्वती स्टोन क्रशर
प्रोप. कपिस सपहिया अतुल सपहिया
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कालिया
जिला खनन अधिकारी धर्मशाला
गांव सकोह उपतहसील आलमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


मैसर्ज सोमा स्टोन क्रशर
प्रोप. कुशल राणा व शमशेर सिंह
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कालिया
जिला खनन अधिकारी धर्मशाला
गांव व डाकघर जयसिंहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


SINCE 2017
पिछले 9 सालों से आपकी सेवा में कार्यरत
KJR India Academy Pvt Ltd
Royal City Library PALAMPUR
Royal Academy
+91 86268 85200
01894 356 185
Info.kjrindia@gmail.com
FOUNDER AND DIRECTOR
MR.PRAKASH KAJLET
(MSC, 2MA, B.ED,M.PHIL)
MSc (Botany) (NET), MA (Psychology) (SET), MA Political Science, B.Ed (C-TET,HP-TET), MPhil
HIMACHAL ACHIEVER
HIMACHAL GAURAV
NARI SHAKTI
GUEST OF HONOUR
YOUTH ICON OF HP
VISIT US
Syndicate Area, Near Shitla Mata Mandir, Old Bus Stand Palampur Kangra HP (176061)


HIMACHAL PRADESH P W D
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल भवारना एवं उपमंडल धीरा
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


हिमाचल प्रदेश जलशक्ति विभाग
मंडल थुरल एवं उपमंडल धीरा
बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ई. संदीप चौधरी अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग मंडल थुरल
ई. डिंपल कुमार सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल धीरा


Budhamal & Sons
Jewellers Palampur
की तरफ से
होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एक अटूट रिश्ता भरोसे और खूबसूरती का
Satish Karwal
CHAIRMAN
Budhamal Jewellers Palampur
Manik Karwal
MANAGING DIRECTOR
Budhamal Jewellers Palampur
Budha Mal Empire, Aima, Near Yamini Hotel
Palampur, Distt. Kangra (H.P.) 98167 33344

# उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी, पालमपुर

## प्रधान मंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM- KUSUM) योजनाः

इस योजना में किसानो को सौर उर्जा से पानी को अपने खेतों तक पहुंचाया जा सकता है। इस योजना के मुख्य बिन्दुः-

» किसान विकास संघ को 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।
» लघु और सीमांत किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।
» मध्यम और बड़े किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

## बहाव सिंचाई योजनाः-

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में कुहलों के स्त्रोतों का नवीनीकरण तथा सामुदायिक क्षेत्रों में कुहलों को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सभी सामुदायिक कार्यों के लिए शत प्रतिशत व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत स्तर पर बोरेवेल और उथले कुओं के निर्माण पर 50 प्रतिशत सहायता का प्रावधान है।

## जल से कृषि को बले योजनाः-

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में उपयुक्त स्थलों पर सामुदायिक चेकडैम एवं तालाबों का निर्माण किया जा रहा है, उनमें एकत्रित जल को किसान व्यक्तिगत लघु उठाऊ सिंचाईयोजनाएं या बहाव सिंचाई योजनाएं बनाकर सिंचाई के लिए पानी उपयोग कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत लघुजलसंचयन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिएशत प्रतिशत व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

## प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना

इस योजना के अंतर्गत सिंचाई में निवेश में एकरूपता लाना, 'हर खेत को पानी' के तहत कृषि योग्य क्षेत्र का विस्तार करने के लिए, खेतों में ही जल को इस्तेमाल करने की दक्षता को बढ़ाना ताकि पानी के अपव्यय को कम किया जा सके, सही सिंचाई और पानी को बचाने की तकनीक को अपनाना (हर बूंद अधिक फसल) आदि इस योजना के मुख्या उद्देश्य हैं। इस योजना के तहत जहाँ सिंचाई के लिए पानी कम है वहां स्त्रोत वृद्धि और वितरण, भू-जल विकास के निर्माण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। (Per Drop More Crop Micro Irrigation Under) PM-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत लघु एवं सीमान्त किसानो को फुब्बारे लगाने के लिए 55 प्रतिशत अनुदान, मध्यम और बड़े किसानो को 45 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है!



विवेक सूद

**उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें फोन नंबरः 01894-235588

# होली पर्व

## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



रघुवीर सिंह राणा

# हि.प्र. लोक निर्माण विभाग भवारना

## की ओर से होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

| ई. सुशील रिहाल | ई. राजेश चोपड़ा | ई. मनोज सूद | ई. प्यार सिंह धीमान |
|---|---|---|---|
| अधिशाषी अभियंता | सहायक अभियंता | सहायक अभियंता | सहायक अभियंता |

# होली पर्व

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# ST. PAUL'S SR. SEC. SCHOOL

Admission Open for Classes Nursery to +2 (Session 2026-27)



Virendra Pal Singh
Principal

Palampur, Distt. Kangra-176061 (H.P.)
Ph. +91 1894-235445 (Off)
+91 1894-230612 (Res.) +91 1894-235445 (Fax)
www.stpaulspalampur.com
Email: stpaulschool.palampur@gmail.com

# होली पर्व

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


# AMAR LIGHT & TENT HOUSE

CONTACT FOR

*Wedding Cattering Service, Latest Design, Water Proof & Kolkatta Pandals for Marriages, Parties & Other Functions*

**AMAR SINGH**






Mol Khad, Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
CALL US : 94180-45277, 94598-33333, 98163-83411

# VIVEKANAND MEDICAL INSTITUE

## (A UNIT OF VMRT)




"MAY THIS HOLI BRINGS YOU THE VIBRANT COLORS OF HEALTH, HAPPINESS AND PROSPERITY, STAY BLESSED AND HEALTHY


**ECHS TPA FACILITY AVAILABLE**

CONTACT : 01894-23610, 01894-23620, 98177-86177
WWW.vmipalampur.com

THE PALAMPUR ROTARY EYE FOUNDATION PALAMPUR

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

# Mela Mal Sood Rotary Eye Hospital Maranda



**Super Specialized Eye Care Institute**

## विश्वस्तरीय सम्पूर्ण नेत्र चिकित्सा

मोतियाबिन्द | कॉर्निया | नेत्र प्रत्यारोपण | बच्चों के नेत्र रोग | रेटिना

Cataract, Retina, Glaucoma, Cornea, Squint Clinic, Pediatric Ophthalmology, Low Vision Aids Clinic, Artifical Eye



STATE OF THE ART EQUIPMENTS AND INFRASTRUCTURE

अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक एवं किफायती सर्जरी

+91-9418339180 +91-9418319180
Mela Mal Sood Rotary Eye Hospital, Maranda, Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
BEST EYE CARE HOSPITAL IN THE STATE

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन पर एक जेसीबी और ट्रैक्टर जब्त

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर पुलिस की ओर से अवैध खननकारियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। थाना इंदौरा के तहत टांडा खड्ड में पुलिस कर्मी गश्त पर थे, तो खड्ड टांडा में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया। इन पर अवैध माइनिंग अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर थाना इंदौरा में लाया गया। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन की बैठक 7 को

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक 7 मार्च को प्रातः 10:30 बजे सामुदायिक भवन 39 मील, शाहपुर में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांगड़ा अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैटर्न एमएल ठाकुर करेंगे। जिला उपाध्यक्ष बलदेव राणा ने बताया कि बैठक में सरकार के पास लंबित मांगों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। संगठन को कार्यालय निर्माण हेतु मिली भूमि पर भवन निर्माण के विषय में विचार-विमर्श होगा। सभी सदस्यों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है। बैठक उपरांत भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

### सैनिक स्कूल परीक्षा में छाए टेक्नोक्रेट्स अकेडमी होनहार



**अनंत ज्ञान, डरोह।** ठाकुरद्वारा की टेक्नोक्रेट्स अकेडमी के विद्यार्थियों ने इस वर्ष सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। प्रियांश ने 300 में से 263, आकर्ष ने 251,भाव ने 226 तथा रिहान ने 214 अंक प्राप्त करके सफलता हासिल की। इसके साथ-साथ तीन विद्यार्थियों का अग्निवीर व एक का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। अकेडमी के निदेशक आशीष कास्था ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सेवा प्रदाताओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के सचिव गणेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर क्षेत्र के सभी पंजीकृत व गैर-पंजीकृत सेवा प्रदाता शीघ्र पंजीकरण करवाएं। बढ़ई, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, नर्स, माली सहित विभिन्न श्रेणियां शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति आधार व निवास प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में संपर्क करें। पहल का उद्देश्य नागरिकों को घर-द्वार सेवाएं और सेवा प्रदाताओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है।

### शिवनगर कॉलेज में एड्स के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिवनगर कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एचआईवी रोकथाम जागरुकता अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों से अभियान में भाग लेने की अपील की। ईवीटीएचएस थीम के तहत डॉ. नीतिका शर्मा द्वारा रैंप वॉक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एचआईवी जागरुकता पोस्टर और कार्ड प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान मानवी और सिया, द्वितीय सेजल और वंश, तथा तृतीय देवांशी को मिला। प्राचार्या ने आयोजन की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी।

### क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के पदों के लिए मांगे आवेदन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ रणजीत सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति पालना एवं क्रेच योजना के तहत बैजनाथ-पपरोला के वार्ड-6 उत्सेहड़ और वार्ड-7 पपरोला में दो आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र स्वीकृत हुए हैं। प्रत्येक केंद्र में क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के एक-एक पद भरे जाएंगे। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 24 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जमा करें। कार्यकर्ता हेतु 12वीं और सहायिका हेतु 10वीं पास योग्यता निर्धारित है। आयु 18-35 वर्ष तथा पारिवारिक आय 50 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। साक्षात्कार 28 मार्च 2026 को होंगे।

### अंतर-पीढ़ीगत संवाद को बढ़ावा देने पर जोर

**अनंत ज्ञान, देहरा।** तहसील कल्याण अधिकारी देहरा एवं डे केयर सेंटर देहरा के सहयोग से बचत भवन देहरा में वृद्धजनों हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत इंटर जनरेशनल बॉन्डिंग पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कल्याण अधिकारी धर्मशाला साहिल मांडला ने वृद्धों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा के समन्वय पर बल दिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने डिजिटल और वित्तीय साक्षरता व साइबर फ्रॉड से बचाव पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और संवाद को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

### गैलेक्सी स्कूल की अन्वी को मिला सम्मान



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां की कक्षा पांचवी की छात्रा अन्वी ठाकुर को 29 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। स्कूल के 52 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में भाग लिया, जिनमें 18 बच्चों को पदक सहित श्रेष्ठता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अन्वी को यह सम्मान तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह में मिला। गैलेक्सी स्कूल के निदेशक और शिक्षक अन्वी तथा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## विधायक किशोरी ने सीनियर सिटीजन को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



**बैजनाथ।** पपरोला होली मेले के अवसर पर न्यू बस स्टैंड मार्केट की ओर से अपने बाजार के सीनियर सिटीजन के लिए विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किशोरी लाल उपस्थित रहे। मार्केट के प्रधान रितेश सूद ने बताया कि पिछले दो वर्षों से सीनियर सिटीजन को सम्मानित किया जा रहा है, लेकिन इस बार सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया।

विधायक किशोरी लाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे और समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने पपरोला की पानी की समस्या के शीघ्र समाधान और 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही, क्षेत्र में बिजली का नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की भी घोषणा की। सीनियर सिटीजन राज कुमार कौड़ा, घनश्याम मेहता और रमन नंदा ने युवाओं की इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रमेश सूद, सरदार अवतार सिंह, कुलदीप सूद, रवि, विनोद सूद, मिलाप राणा, दविंदर, अतुलिंदर जगदीश, अरविन्द सूद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने वाली टीम को बधाई दी और होली पर्व की शुभकामनाएं साझा कीं।

# बोर्ड परीक्षा : ओएमआर शीट से बाहर लिखा जवाब, तो कट जाएंगे पूरे अंक

## +2 एसओएस डायरेक्ट साइंस के प्रश्नपत्रों के वितरण पर रहेगी कड़ी नजर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मार्च 2026 में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर बोर्ड प्रबंधन पूरी तरह से सख्त नजर आ रहा है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस बार परीक्षाओं की शुचिता और अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। इस बार की परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव और चेतावनी बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) को लेकर है। परीक्षार्थियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे इन प्रश्नों का हल केवल उत्तरपुस्तिका में संलग्न ओएमआर शीट पर ही करें। डॉ. शर्मा ने दो-टूक शब्दों में कहा कि यदि किसी परीक्षार्थी ने ओएमआर शीट के अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका के किसी अन्य भाग में एमसीक्यू के उत्तर लिखे, तो उसे उन प्रश्नों के लिए एक भी अंक प्रदान नहीं किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी।

◆ **बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की सख्त हिदायत**

बोर्ड ने पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न करवाने के लिए इस बार विशेष निगरानी तंत्र भी सक्रिय किया है। विशेष रूप से +2 राज्य मुक्त विद्यालय डायरेक्ट साइंस श्रेणी के प्रश्नपत्रों के वितरण को लेकर विशेष जांच के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों को सख्त हिदायत दी है कि प्रश्नपत्र बांटने से पहले विषय, श्रेणी और कोड का सावधानीपूर्वक मिलान सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या भ्रम की गुंजाइश न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रणाली की गरिमा बनाए रखने के लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर तैनात प्रधानाचार्यों, समन्वयकों और निरीक्षकों को भी विशेष उत्तरदायित्व सौंपा गया है। बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले हर कमरे में तैनात निरीक्षक प्रत्येक छात्र को परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक नियमों और ओएमआर शीट भरने की विधि से स्पष्ट रूप से अवगत कराएंगे। डॉ. राजेश ने प्रदेशभर के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा या अंकों की हानि से बचने के लिए दिशा-निर्देशों का अध्ययन करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें।

# पहले दिन दो यूएमसी केस दर्ज मुख्यालय से लाइव मॉनिटरिंग

◆ **बोर्ड परीक्षा: स्टूडेंट्स ने दी अंग्रेजी व संस्कृत की परीक्षा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं का मंगलवार को प्रदेशभर में आगाज हो गया। परीक्षा के पहले दिन केंद्रों पर परीक्षार्थियों के बीच मिला-जुला उत्साह और बोर्ड परीक्षाओं को लेकर थोड़ा तनाव भी देखने को मिला।

सुबह के सत्र में दसवीं कक्षा के छात्रों ने अंग्रेजी विषय के साथ अपने बोर्ड सफर की शुरुआत की, जबकि बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए बोर्ड प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा और संवेदनशील केंद्रों पर पैनी नजर रखी गई। नकल पर नकेल कसने के लिए बोर्ड द्वारा इस बार तकनीक का कड़ा पहरा बिठाया गया है। धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश के सभी संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे हर गतिविधि पर सीधी नजर रखी जा सके। इसके साथ ही, पूरे प्रदेश में विशेष उड़नदस्तों (फ्लाइंग स्क्वायड) को तैनात किया गया है। नकल रोकने के लिए इस बार बोर्ड मुख्यालय से सीसीटीवी कैमरों के जरिए सीधी नजर रखी जा रही है। इसी सख्ती के कारण पहले ही दिन प्रदेश में नकल (यूएमसी) के दो मामले पकड़े गए हैं। उड़नदस्तों की टीमें भी लगातार स्कूलों का दौरा कर रही हैं।

> परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बोर्ड ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यालय से सीसीटीवी के जरिए लाइव निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी स्तर पर कोताही न हो। हमारी कोशिश है कि छात्रों को एक तनावमुक्त और अनुशासित वातावरण मिले।
>
> **-विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

## हैप्पी बर्थडे



सिद्ध पूनणी के शशि राणा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## भारतीयों की सुरक्षित वापसी से फिर साबित हुई मजबूत विदेश नीति: परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विपिन सिंह परमार ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते युद्ध जैसे हालातों के बीच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर केंद्र सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सशक्त और निर्णायक विदेश नीति का उदाहरण है। ईरान और इसराइल के बीच संघर्ष के बावजूद भारत ने अब तक करीब 10 हजार नागरिकों को सुरक्षित भारत लौटाया है। इनमें लगभग 3 हजार ईरान से, 2,500 कुवैत से, 1,500 बेरुत से और लगभग 3 हजार यूएई और कतर से स्वदेश आए हैं। परमार ने बताया कि दुबई से एयर इंडिया की पहली विशेष उड़ान दिल्ली आई, जिसमें 149 यात्री शामिल थे। अधिकांश नागरिक चार्टर्ड फ्लाइट्स के माध्यम से मुंबई और दिल्ली पहुंचे। कोच्चि, कोझिकोड, अमृतसर और लखनऊ में विशेष सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि लौटने वाले प्रवासियों को हर सुविधा मिल सके। विदेश मंत्रालय द्वारा ईरान और लेबनान के लिए रेड अलर्ट जारी करना सरकार की सतर्कता दर्शाता है। परमार ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया भारतीय कूटनीति और संकट प्रबंधन की सफलता का प्रतीक है, जो संकट की घड़ी में हर नागरिक के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## हरियाणा ने इंडियन आर्मी की टीम को हराकर जीती वॉलीबाल ट्रॉफी



मंत्री यादविंद्र गोमा ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ी को हर हाल में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे न केवल युवा नशे से दूर रहेंगे, बल्कि नशे पर करारी चोट करने के लिए भी सरकार का यह कदम कारगर है। यह बात मंत्री आयुष युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचरुखी में 22वीं अखिल भारतीय डॉ. वाईएस परमार वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता के समापन पर कही। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में हरियाणा टीम ने इंडियन आर्मी की टीम को हराकर दो लाख रुपए इनाम राशि तथा ट्रॉफी अपने नाम की। गोमा ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय खेल विजेताओं की सम्मान राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इस प्रतियोगिता में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली भारतीय सेना और इंडियन नेवी की टीम को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान मंत्री ने विभिन्न गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## उपलब्धि: फतेहपुर अस्पताल में एक किलो वजनी हिप ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

अनंत ज्ञान



**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ. परनीता ने जवाली निवासी रघुवीर सिंह के कूल्हे (हिप) से लगभग एक किलोग्राम वजनी ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर नई उम्मीद की मिसाल पेश की है। लंबे समय से दर्द, सूजन और चलने-फिरने में कठिनाई झेल रहे मरीज को इस सर्जरी से बड़ी राहत मिली है। जांच के दौरान हिप क्षेत्र में बड़े ट्यूमर की पुष्टि होने के बाद चिकित्सकीय टीम ने सर्जरी का निर्णय लिया।

ट्यूमर का आकार बड़ा होने और आसपास के ऊतकों पर दबाव के कारण ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था। दिया। कई घंटों तक चले ऑपरेशन के बाद ट्यूमर को सुरक्षित निकाल लिया गया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और चिकित्सकीय निगरानी में उनका उपचार जारी है। वहीं, निकाले गए ट्यूमर के नमूने को आगे की जांच (बायोप्सी) के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

बीएमओ फतेहपुर डॉ. रिचा मेहरोत्रा ने कहा कि 'हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के लोगों को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। यह सर्जरी हमारी टीम की समर्पित कार्यशैली और विशेषज्ञता का परिणाम है। फतेहपुर के विधायक एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि 'फतेहपुर सिविल अस्पताल की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हम अस्पताल को और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पूर्व बैंक अधिकारी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले के पुलिस थाना बीड़ के तहत धोखाधड़ी के आरोपों के आधार एक बैंक के पूर्व अधिकारी सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता राजेश कुमार निवासी कोटली ने शिकायत में कहा कि साल 2007 में बैजनाथ क्षेत्र में ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान उनके हस्ताक्षर भ्रामक परिस्थितियों में ले लिए गए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार ऋण राशि 3,00,000 रुपए का वितरण हस्ताक्षर प्राप्त करने से पूर्व किया गया तथा इस प्रक्रिया में बैंक अधिकारियों व अन्य व्यक्तियों की मिलीभगत से धोखाधड़ी एवं आपराधिक षड्यंत्र किया गया। आरोपों को लेकर अदालत के निर्देशों के बाद बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक तथा गारंटर सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपों के आधार पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज जांच की जा रही है।

# कंडवाल में बिना कागजात के लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भदरोया के तहत मंडी-पठानकोट मार्ग पर कंडवाल में वनपरिक्षेत्र भदरोया के रेंज ऑफिसर हमीद की ओर से नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक ट्रक एचपी 38जी 0898, जो लकड़ी से भरा हुआ था। चालक के पास लकड़ी को ले जाने के कागजात नहीं थे।



जांच में पाया कि यह लकड़ी चंबा जिले के लाहडू से होशियारपुर को ले जाया जा रहा था। इसे जब्त कर लिया गया है। डीएफओ नूरपुर संदीप कोहली ने बताया कि चंबा जिले के लाहडू वन विभाग को इस लकड़ी के बारे में सूचना दे दी गई है कि यह लकड़ी कहां से काटी गई थी और इसका परमिट क्यों नहीं काटा गया, जिसकी जांच जारी है।

## जलशक्ति विभाग इंदौरा के कर्मचारी की अंडरग्राउंड वाटर टैंक में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत एक जलशक्ति विभाग का कर्मचारी का शव अंडरग्राउंड वाटर टैंक में तैरते हुए मिला है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शुरुआती जांच में पाया कि मृतक द्वारा भेड़-बकरियां पाल रखी थीं तथा कुछ भेड़-बकरियों के न मिलने के चलते वह अंडरग्राउंड वाटर टैंक में गया, जहां उसने वहां पर एक भेड़ का बच्चा तैरते हुए देखा। उसको बचाने के चक्कर में वह खुद उसे टैंक में कूद गया तथा उसकी भी पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरिंदर कुमार पुत्र आत्मा राम गांव भटोली डाकखाना मंडोली तहसील इंदौरा के रूप में हुई। परिवार की ओर से थाना इंदौरा में सूचित किया सुरेंद्र कुछ देर से लापता है। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास की जगह पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जलशक्ति विभाग के अंडरग्राउंड वाटर टैंक में एक मेमने का शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसके चलते जब स्थानीय लोगों की ओर से टैंक की तलाशी ली गई तब वहां से मृतक सुरेंद्र कुमार का शव वहां से बरामद हुआ। थाना इंदौरा में परिवारजनों के मुताबिक यह किसी पर शक न होने की बिना पर 194 बीएनएनएस के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नूरपुर अस्पताल में करवाकर परिवार को सौंप दिया है।

## आत्मनिर्भर हिमाचल का नारा महज राजनीतिक जुमला कांग्रेस सरकार ने विकास की रीढ़ तोड़ी: बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर हिमाचल का स्वप्न दिखाने वाली कांग्रेस सरकार की असलियत अब प्रदेश की जनता के सामने उजागर हो चुकी है। पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा वरिष्ठ नेता बिक्रम ठाकुर ने धर्मशाला से जारी बयान में कहा कि वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों पर पूर्णविराम लगाकर हिमाचल को आर्थिक और प्रशासनिक ठहराव की ओर धकेल दिया है। विधायक प्राथमिकताओं को केवल एक योजना तक सीमित करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार आर्थिक कुप्रबंधन और वित्तीय दिवालियेपन को छिपाने के लिए विकास पर कैंची चला रही है। प्राथमिकता बैठकें अब केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। जनप्रतिनिधियों को बुलाकर दिखावे की राजनीति की जा रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि विधायकों के अधिकारों को सुनियोजित ढंग से सीमित किया जा रहा है।

## 5 को देहरा व नगरोटा बगवां में साक्षात्कार 6 को

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय के अनुसार, जुपिटर सोलर टेक प्राइवेट लिमिटेड देहरा और नगरोटा बगवां में युवाओं के लिए साक्षात्कार आयोजित करेगी। 5 मार्च को उप रोजगार कार्यालय देहरा और 6 मार्च को ओबीसी भवन नगरोटा बगवा में सुबह 10 बजे साक्षात्कार होंगे। 260 पदों के लिए पात्र पुरुष और महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और केमिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा है, आयु सीमा 18-32 वर्ष निर्धारित है। चयनित उम्मीदवार को मासिक वेतन 20,000 रुपए मिलेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल दस्तावेज़, बायोडाटा की कॉपी और अनुभव प्रमाण पत्र लेकर पहुंचें।

## 14 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चिराग भागू सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को हिमाचल प्रदेश के सभी जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें बैंक से संबंधित, श्रम विवाद, बिजली-पानी बिल, वैवाहिक विवाद, चैक बाऊंस और लंबित मामले सुने जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति समझौता हेतु संबंधित कोर्ट में आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए उपमंडलीय विधिक सेवा समितियों से संपर्क किया जा सकता है या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 भी उपलब्ध है।

## यशीता ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल जवाली के कस्बा ढसोली की यशीता सिंह ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यशीता ऐसे परिवार से संबंध रखती हैं जहां देश सेवा की परंपरा रही है; उनके दादा कैप्टन गुरचरण सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। बचपन से ही अनुशासन, देशभक्ति और समर्पण के माहौल में पली-बढ़ी यशीता पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उनका सपना वर्दी पहनकर देश सेवा करना है। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने उनकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यशीता की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू सकती हैं।

## हिंदी साहित्य में सुदर्शन का अभूतपूर्व योगदान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त इंजीनियर सुदर्शन भाटिया ने छह सामाजिक संस्थाओं में कार्य करते हुए हिंदी साहित्य में अभूतपूर्व योगदान दिया है। अब तक उन्होंने 810 हस्तलिखित पुस्तकें प्रकाशित करवाई हैं। उन्होंने विभिन्न विधायकों और मुख्यमंत्रियों के माध्यम से स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक पुस्तकें पहुंचाईं, कुल मूल्य एक लाख सत्तर हजार रुपए से अधिक है। उनके लेखन पर पांच विद्यार्थियों ने एमफिल और एक प्रोफेसर ने पीएचडी पूरी की। स्व. धर्मपत्नी के तीन साल बाद उन्होंने घर में रहते हुए 30 पुस्तकें रची, जिनमें राम की अयोध्या, प्रणव मुखर्जी, लता मंगेशकर और प्राकृतिक चिकित्सा पर पुस्तकें शामिल हैं।

## नशे के खिलाफ सामूहिक सहभागिता जरूरी, मिलकर लड़ना होगा: आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नशे के खिलाफ लड़ने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। सामुहिक सहभागिता से इसे काबू पाया जा सकता है। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने यह अपील करते हुए कहा कि राज्यस्तरीय होली महोत्सव में इस साल कई नई पहल शुरु की है। इसमें से चिट्टे के खिलाफ रन फॉर पालमपुर मैराथन का आयोजन भी शामिल है। नशे के विरुद्ध जन-जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से 'रन फॉर पालमपुर' का आयोजन प्रातः 8:30 बजे किया गया। इस कार्यक्रम को विधायक आशीष बुटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह आयोजन होली उत्सव-2026 के अंतर्गत होली मेला कमेटी पालमपुर द्वारा किया गया। दौड़ का शुभारंभ पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से हुआ। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, युवा वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने कहा कि दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश देना है।

**बैठक** उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना की, बोले-

# शाहपुर अस्पताल में जल्द लगेगी अल्ट्रासाउंड मशीन



शाहपुर अस्पताल में रोगी कल्याण समिति ने की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** नागरिक अस्पताल शाहपुर में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि जनवरी 2026 तक अस्पताल में 1,50,663 मरीजों ने पंजीकरण करवाया, जबकि वर्ष 2024-25 में यह संख्या 1,41,709 थी। वर्ष 2026 के फरवरी एवं मार्च माह की ओपीडी का आंकड़ा इसमें शामिल नहीं है। इसी प्रकार अब तक 87,032 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 65,490 थी, जो अस्पताल में बढ़ती स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमाण है। रोगी कल्याण समिति के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 तक समिति के पास 5,31,909 रुपए शेष थे।

1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक समिति को 60,02,218 रुपए की आय हुई तथा 19,75,425 रुपए व्यय किए गए। आगामी वित्त वर्ष में 50,39,797 रुपए की अनुमानित आय के साथ कुल 96,16,499 रुपए का बैलेंस रहने की संभावना है। मरीजों की सुविधाओं पर 59,05,000 रुपए व्यय करने का प्रस्ताव रखा गया। पठानिया ने कहा कि नागरिक अस्पताल का नया भवन शीघ्र ही तैयार होकर जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि अस्पताल में जल्द ही अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी तथा डायलिसिस सुविधा भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ओपीडी में लगातार बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना की।

### निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया स्वयं फील्ड में उतरकर विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर सड़कों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने निर्माणाधीन सड़कों की उचित चौड़ाई सुनिश्चित करने के लिए सड़क मार्ग में आने वाले भूमि मालिकों से मौके पर बातचीत की तथा जनहित में सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि भूमि से संबंधित लंबित मामलों को अब आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है। निरीक्षण किए गए प्रमुख कार्यों में लगभग 15 करोड़ रुपये के नाबार्ड अंतर्गत कार्य शामिल हैं। 3.72 करोड़ रुपये से निर्माणाधीन धनोटु-वाया बद बस्ती सड़क (3.64 किमी), 11 करोड़ से बन रही डढंब-ललेटा-टुंडू-वणु महादेव सड़क, रैत में 5 करोड़ रुपए से निर्मित हो रहा राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल भवन तथा 5.36 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा विकास खंड कार्यालय भवन शामिल हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। सड़कों के निर्माण के दौरान पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रह्मणी गांव में विकास कार्यों के लिए दिए 8 लाख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम वार्ड नंबर 1 ब्रह्मणी गांव के लिए सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने राज्य सभा सांसद इंदू बाला गोस्वामी से 8 लाख रुपए स्वीकृत करवाए। इसमें 3 लाख रुपए हैंडपंप और 5 लाख रुपए संपर्क मार्ग में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए होंगे। ग्राम पंचायत सराहकड़ और भरनांग के पूर्व प्रधानों एवं अन्य सदस्यों ने विधायक और सांसद को आभार व्यक्त किया।

### होली का त्योहार उत्साह से मनाया

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में बच्चों ने होली का त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर इनाया, श्रेयन, आरव, अद्विक, हरन्या, शाश्वी, ध्वनि, नैवेद्य, प्रियान, आव्या, रित्विक, अगस्त्य, तनिष्क, शमिश और स्वरा ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। स्कूल चेयरमैन बीएल चड्ढा ने बच्चों और अध्यापकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश साझा किया।

### ज्ञान सत्र व निस्वार्थ सेवा का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साईं कॉलेज कल्लर जलाड़ी में श्री सत्य साईं बाबा की दिव्य उपस्थिति में दो दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश भर से 200 से अधिक बाल विकास गुरुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व को सत्य, धर्म, शांति, प्रेम और अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों से पोषित करना था। कार्यक्रम में वेदों के पाठ, भजन और प्रेरक संदेश शामिल थे। राज्य और अखिल भारतीय स्तरीय पदाधिकारियों ने ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए। उपस्थित गुरुओं ने निस्वार्थ सेवा और सभी के प्रति प्रेम व सहायता का संकल्प लिया।

### दीपिका को लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से नवाजा

**अनंत ज्ञान, भोटा।** ग्राम पंचायत मोरसु सुल्तानी के चुआण की निवासी दीपिका पटियाल को मिलिट्री हॉस्पिटल शिलांग, मेघालय में सेना के उच्च अधिकारियों द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से नवाजा गया। दीपिका ने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पुणे के आर्मी मेडिकल कॉलेज से पूरी की और 2010 में लेफ्टिनेंट का कमीशन पास किया। इसके बाद उनकी सेवा कई मिलिट्री अस्पतालों में रही। इस उपलब्धि पर उनके परिवार और गांव में खुशी की लहर है।

### रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 मार्च को आर्य समाज मंदिर नादौन में होगी। इसमें पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि बैठक में एसोसिएशन की गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

### 30 लोगों को सिखाई मशरूम की खेती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 2 मार्च को संपन्न हो गया। इस शिविर में 30 लोगों ने मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिविर के मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा और देवी लाल, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट, ट्रेनर विद्यासागर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सदन की गरिमा व विरासत की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंजाब विधानसभा की आश्वासन समिति मंगलवार पूर्वाह्न विधानसभा सचिवालय पहुंची और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। सभापति सरदार देविंद्रजीत सिंह लाडी के नेतृत्व में आई समिति दो दिवसीय अध्ययन प्रवास पर शिमला आई है। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को हिमाचली टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में दोनों राज्यों की विधानसभाओं की कार्यप्रणाली तथा आश्वासन समिति की भूमिका पर सार्थक संवाद हुआ। संवाद के दौरान अध्यक्ष पठानिया ने हिमाचल व पंजाब के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए सदन की गरिमा व विरासत की जानकारी दी। उन्होंने कौंसिल चैंबर भवन को राष्ट्रीय धरोहर बताते हुए इसके निर्माण इतिहास पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय ई-विधान प्रणाली को अपनाने में हिमाचल की अग्रणी भूमिका का उल्लेख किया। समिति के सदस्यों ने भी पंजाब विधानसभा की कार्यप्रणाली और वर्तमान पहलों की जानकारी साझा की।

### जिप के दो वार्डों के परिसीमन पर आपत्तियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में जारी इस प्रारूप में जिला परिषद के वार्ड नंबर-6 ताल का विभाजन कर चमनेड़ के नाम से नए वार्ड नंबर-7 का सृजन किया गया है। इससे अब परिषद के वार्डों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि 2 मार्च को प्रकाशित इन दोनों वार्डों के संशोधित प्रारूप पर दो दिन के भीतर संबंधित खंड विकास अधिकारी के माध्यम से आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

### बहरीन से कपिल नेगी का संदेश, सुरक्षित हैं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र के कपिल नेगी, जिन्होंने पिछले वर्ष अपने भाई के साथ एक ही युवती से विवाह कर चर्चा बटोरी थी, इन दिनों खाड़ी देश बहरीन में नौकरी कर रहे हैं। हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को लेकर सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल गई कि कपिल वहां फंस गए हैं। इस पर कपिल ने स्वयं एक वीडियो जारी कर स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं और नियमित रूप से अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घबराने या चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। कपिल ने बताया कि हमले केवल उन ठिकानों पर हो रहे हैं जहां अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं और आम नागरिकों के क्षेत्रों को निशाना नहीं बनाया जा रहा। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को भी जवाब देते हुए कहा कि बेवजह की बातों से लोगों को परेशान न किया जाए। कपिल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह सुरक्षित हैं और अपने परिवार व क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दे।

### मीडिया में बमबारी की खबरें भ्रामक : उमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** यूएई के दुबई में रह रही राज्य के शिमला जिले के चौपाल क्षेत्र की रहने वाली उमा शूरटा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि मीडिया में दिखाई जा रही बमबारी व मिसाइल गिरने की खबरें भ्रामक हैं। दुबई में जनजीवन पूरी तरह सामान्य है, मेट्रो सेवाएं सुचारु रूप से चल रही हैं, दफ्तर खुले हैं और कहीं भी अफरा-तफरी का माहौल नहीं है। उमा ने बताया कि कुछ चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हालात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्थिति सामान्य है। उमा ने कहा कि झूठी और अपुष्ट खबरों के कारण दुबई में रह रहे लोगों के परिजन चिंतित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने माता-पिता से वीडियो कॉल पर बात कर उन्हें आश्वस्त करती रहती हैं कि यहां सब कुछ ठीक है। उमा के अनुसार, अब तक दुबई में किसी भी प्रकार की मिसाइल गिरने की घटना नहीं हुई है और सोशल मीडिया पर दिखाई जा रहे कुछ दृश्य इंटरसेप्टर के दौरान गिरे मलबे के हो सकते हैं, जिन्हें गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बिना पुष्टि की खबरों पर विश्वास न करें।

### पश्चिम एशिया में फंसे हिमाचलवासी सुरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद वहां फंसे किसी भी हिमाचलवासी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और जैसे ही हवाई क्षेत्र दोबारा खुलता है, लौटने के इच्छुक सभी लोगों को सुरक्षित प्रदेश वापस लाया जाएगा। उद्योग मंत्री ने बताया कि राज्य के गृह सचिव लगातार विदेश मंत्रालय और केंद्रीय गृह सचिव के संपर्क में हैं। फिलहाल पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में हवाई सेवाएं स्थगित हैं, जिसके कारण लोगों की वापसी में विलंब हो रहा है, लेकिन सरकार हर संभव सहायता सुनिश्चित कर रही है, ताकि प्रदेश के नागरिक सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।

### शिक्षा मंत्री को समस्याओं से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नावर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया। मंत्री ने गंभीरता से सभी विषयों को सुनते हुए त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही। भेंट के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री को विश्वास दिलाया कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं वचनबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर ललित सग्रेल (बंटू) पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत कुठाड़ी, रजनीश सिंघा, मनीष नेगी, संजू नेगी, सतीश काल्टा, शेर सिंह (सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी), देविंदर चौहान तथा जगदीश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होली मेले की सांस्कृतिक संध्या में उमड़ रही लोगों की भारी भीड़

अनंत ज्ञान



राष्ट्र स्तरीय होली मेले में उमड़ी भीड़। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली मेले में आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं में दर्शकों की खासी भीड़ उमड़ रही है और गायक भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

पहले दिन पंजाबी गायक बब्बू मान ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दिन लोगों की इतनी भीड़ उमड़ी की लोगों को कंट्रोल करने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने एक से एक पंजाबी गीत गाकर लोगों को निराश नहीं होने दिया। युवा वर्ग ने होली मेले की प्रथम रात्रि में खूब आनंद लिया, जबकि दूसरे दिन पंजाबी गायक मनकीरत सिंह औलख रहे। उन्होंने भी जनता को निराश नहीं होने दिया तथा एक से एक बढ़कर गीत गाकर जनता का खूब मनोरंजन किया। रात्रि कार्यक्रमों में जहां लोगों की भीड़ उमड रही है। मनकीरत औलख के अलावा हिमाचल की जानी-मानी गायिका ममता भारद्वाज, धीरज शर्मा, अमित कुमार, निकिता पुरी, वर्षा कटोच, योगेश मुकुल, राजीव जस्सल और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के कई लोक कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

राष्ट्र स्तरीय होली मेला के रात्रि कार्यक्रमों का आज समापन हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया होंगे। मेले का उद्घाटन डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने किया था, जबकि दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी मुख्यातिथि आए थे। इस वर्ष रात्रि कार्यक्रमों में लोगों की खूब भीड़ उमड़ रही है। वहीं, बीते दो दिनों से मेला ग्राउंड लगभग खाली रहा है। लोगों के मेला ग्राउंड में न आने से दुकानदार मंदी की मार झेल रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष जहां उन्हें महंगी जमीन लेकर अपनी दुकानदारी सजानी पड़ी है। वहीं, लोग मेला ग्राउंड में कम ही पहुंच रहे हैं।

उधर, प्रशासन द्वारा मेला ग्राउंड में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई जिनका लोगों ने बखूबी लुत्फ उठाया। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर मेले में पहुंचकर विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।

## छतरैल महिला मंडल को 25 कुर्सियां व 25 गद्दे देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पपलाह के छतरैल गांव में भारत मजदूर किसान संगठन द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक दिनेश भाटिया ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित योजनाओं तथा अनुराग सिंह ठाकुर के विकास कार्यों का उल्लेख किया गया। संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री अनीता बाला ने महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छतरैल महिला मंडल को 25 कुर्सियां और 25 गद्दे देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## होली उत्सव में दिख रही हमीरपुर की लोक संस्कृति की शानदार झलक



होली उत्सव सुजानपुर में लोक संस्कृति की झलक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर में इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों की प्रस्तुतियों के अलावा दिन में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिला हमीरपुर की लोक संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिल रही है।

होली उत्सव आयोजन समिति ने पहली बार प्रदर्शनी स्टॉलों के बीच में विशेष रूप से एक अलग स्टेज बनाया है, जहां प्रतिदिन कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी मंच पर उत्सव के पहले दिन एक मार्च को कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें जिले भर के कवियों ने हिंदी और पहाड़ी में अपनी शानदार रचनाएं प्रस्तुत कीं। सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने उत्सव के पहले दिन इसी मंच पर एक तारा, करताल और पारंपरिक छोटी डफली (डौरू) के साथ भजनों एवं दोहों का गायन करने वाली मंडलियों को भी अवसर प्रदान किया गया। जिला हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिला के निचले क्षेत्रों की यह प्राचीन भजन गायन परंपरा अब लुप्त होने की कगार पर है। प्रदर्शनी स्टॉलों के परिसर में ही चित्रकला प्रतियोगिता भी करवाई गई। होली उत्सव के दूसरे दिन लोकनृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें कुसुम कला मंच ने पहला, डिग्री कॉलेज सुजानपुर के दल ने दूसरा और शुभम कला मंच ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन दलों को स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। आयोजन समिति ने प्रथम रहे सांस्कृतिक दल को ग्यारह हजार रुपए, द्वितीय को 5100 रुपए और तृतीय दल को 3100 रुपए के नकद पुरस्कार का प्रावधान किया है। इस प्रतियोगिता के साथ ही सामूहिक लोकनृत्य झमाकड़ा भी करवाया गया।

## चलैली दंगल नयना देवी के बंटी ने जीता, आरिफ जम्मू रहे उपविजेता

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा सिद्धचानो सच्ची सरकार मंदिर की पावन धरा पर स्वर्गीय बुग्गा सेठ व स्वर्गीय ध्यान चंद बंसल की याद में भव्य महा दंगल का आयोजन किया गया।

इस दंगल में देश के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपने दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया। करीब 5 लाख रुपए की लागत से आयोजित इस प्रतियोगिता में दो झंडियों के मुकाबलों के साथ 15 सीधी स्पेशल कुश्तियां और सामान्य कुश्तियां करवाई गईं। बड़ी झंडी का फाइनल मुकाबला आरिफ जम्मू और बंटी नयनादेवी के बीच हुआ, जो करीब 40 मिनट तक चला। अंत में प्वाइंट के आधार पर बंटी ने जीत दर्ज कर झंडी अपने नाम की। छोटी झंडी के मुकाबले में अनु करेर व सौरव नयनादेवी के बीच कड़ा संघर्ष हुआ, जिसमें सौरव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। पांच बड़ी कुश्तियों का फैसला प्वाइंट के आधार पर किया गया। रेफरी कन्नू व सुखदेव द्वारा निष्पक्ष निर्णय दिए गए, जिससे आयोजन बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दंगल में बड़सर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी सुभाष ढटवालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशेषातिथियों में पूर्व प्रधान सतीश सोनी व सुरेश चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता पहलवानों को सम्मानित कर बधाई दी तथा कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं।

## 7 से 16 मार्च तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी 7 से 16 मार्च तक पूरे जिला के सभी 10 मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का आयोजन करने जा रही है। यह अभियान संगठन की मजबूती, वैचारिक सुदृढ़ता और कार्यकर्ता दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जाएगा। राकेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत भोरंज मंडल का प्रशिक्षण वर्ग 7-8 मार्च को टाउन भराड़ी मंदिर परिसर में तथा समीरपुर मंडल का 13-14 मार्च को शिव मंदिर गगेहड़ी में आयोजित होगा। इसी प्रकार बमसन मंडल का प्रशिक्षण वर्ग 14-15 मार्च को टौणी देवी स्थित सराय भवन में तथा सुजानपुर मंडल का 15-16 मार्च को संकटमोचन भलेठ में आयोजित किया जाएगा। हमीरपुर ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग 7-8 मार्च को होगा।

## खाली खजाने के बीच 100 नई पंचायतों का औचित्य बताएं मुख्यमंत्री : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश में 100 नई पंचायतों के गठन के निर्णय पर प्रतिक्रिया जताते हुए राज्य सरकार की मंशा और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि जब स्वयं सरकार बार-बार खाली खजाने और आर्थिक संकट का हवाला देती रही है, तो ऐसे में नई पंचायतों के गठन का निर्णय समझ से परे है। राजेंद्र राणा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि मुख्यमंत्री को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि प्रदेश की आर्थिक खस्ताहाल के बीच लगभग सौ नई पंचायतों के गठन का निर्णय किस वित्तीय आकलन के आधार पर लिया गया है। क्या इस निर्णय से पूर्व वित्तीय विशेषज्ञों की राय ली गई है और क्या इसके लिए बजट में कोई स्पष्ट और ठोस प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा हर नई पंचायत के लिए भवन, सचिव, कर्मचारी और तकनीकी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी, जिसका सीधा असर प्रदेश के खजाने और अंततः आम जनता पर पड़ेगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि वर्तमान में एक पंचायत सचिव चार से पांच पंचायतों का कार्य देख रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी सहायकों की कमी के चलते कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। ऐसे में पहले से कार्यरत पंचायतों को सुदृढ़ करने के बजाय नई पंचायतों का गठन करना सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न लगाता है। राणा ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा पंचायत चुनावों को टालने की रही है।

## भगवती स्कूल जलाड़ी में धूमधाम से मनाई होली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में होली का त्योहार बच्चों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। कक्षा छठी की पुष्टि अवस्थी व अलिशका ने होली के महत्व को प्रार्थना सभा में बताया। होली हर साल फाल्गुन मास में मनाया जाने वाला त्योहार हैं इस दिन सभी लोग एक-दूसरे को गेंदे, गुलाब डहेलिया व सदाबहार फूलों के साथ मिलजुल कर होली खेली। स्कूल के सभी बच्चों ने एक -दूसरे के साथ फलों से इस त्योहार की खुशी को साझा किया। बच्चों ने हर्बल रंग और फूलों से होली मनाई। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने इस अवसर पर बच्चों से कहा कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो पर वो अच्छाई के सामने ज्यादा समय तक नहीं चलती इसलिए हमें सभी को अच्छाई की राह पर चलना चाहिए।

## एमसी शिमला में लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगर निगम शिमला में हालिया घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम में लोकतांत्रिक मर्यादाओं की अनदेखी की जा रही है व विपक्षी पार्षदों को अलोकतांत्रिक ढंग से सदन से बाहर निकालना जनमत का अपमान है। जयराम ने कहा कि सरकार मित्रवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही है व नियमों की अनदेखी कर प्रशासन को मनमाने तरीके से चलाया जा रहा है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर सड़कों से लेकर सदन तक आवाज उठाती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मेयर पद को लेकर स्थापित परंपराओं की अवहेलना कर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की गई है। ठाकुर ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है।

## होली सामाजिक सौहार्द व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक : कुलदीप पठानिया

अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने देश और प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक



बधाई देते हुए कहा कि होली भारत का एक अत्यंत प्राचीन और लोकमानस से जुड़ा पर्व है, जिसे होली, होलिका या होलाका के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह रंगों का त्योहार बसंतोत्सव तथा काम-महोत्सव के रूप में भी प्रसिद्ध है। पहले दिन होलिका दहन की परंपरा समाज को अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है, जबकि दूसरे दिन धुलेंडी, धुरहड़ी, धुरखेल या धूलिवंदन के अवसर पर लोग एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल मेले और त्योहारों की समृद्ध परंपरा के लिए देश-विदेश में विख्यात है।

### उपमुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं

**आनंद ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह पावन पर्व प्रेम, भाईचारे व



आनंद का संदेश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व नई ऊर्जा का संचार करे। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि होली समाज में सौहार्द और एकता को सुदृढ़ करने का अवसर है, जिसे हमें आपसी सद्भाव और जिम्मेदारी के साथ मनाना चाहिए।

## लंदन सम्मान के बाद विक्रमादित्य का राजदरबार में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का गर्मजोशी से स्वागत करती हुई ब्लॉक कांग्रेस। अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ लॉर्ड्स) में यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित होने के बाद पहली बार रामपुर पहुंचे लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह का मंगलवार को राजदरबार में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बुशहर के तत्वावधान में हुए इस स्वागत समारोह की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा ने की।

कार्यक्रम के लिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से करीब 20 प्राइवेट बसें व छोटी गाड़ियां लगाई गईं, जिससे लगभग 2 हजार लोगों ने भाग लिया। दोपहर करीब 1:40 बजे मंत्री अपनी पत्नी के साथ राजदरबार पहुंचे, जहां उपस्थित जनसमूह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों में राजपरिवार के प्रति गहरी आस्था झलकी। नीरथ, दतनगर व शिगला बाईपास पर भी मंत्री का स्वागत हुआ।

विश्व हिंदू परिषद इकाई रामपुर के अध्यक्ष विष्णु शर्मा व सर्वहितकारी व्यापार मंडल रामपुर से जुड़े भाजपा अध्यक्ष तनमय शर्मा ने भी राजदरबार गेट पर फूलमाला डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश सरकार के तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया तथा आरजीडी बंद होने से प्रदेश को होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व जिला शिमला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल शर्मा, यूथ कांग्रेस रामपुर अध्यक्ष राहुल सोनी, एचपीएमसी बोर्ड निदेशक भूपेश धीमान, कोली समाज अध्यक्ष डीडी कश्यप, एससी सेल ब्लॉक अध्यक्ष चुनी लाल जिंटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरैण त्रिलोक भलूनी, मोहन नेगी व दिवान मिंडन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रक्रिया: जिला परिषद शिमला के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन अधिसूचित

# 25 निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्गठन पूरा

अनंत ज्ञान

### नए परिसीमन से चुनाव प्रक्रिया होगी अधिक व्यवस्थित

**अधिकारियों** का कहना है कि नए परिसीमन से चुनाव प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिलेगा। अंतिम चरण में चुनाव कार्यक्रम घोषित होने की संभावना जताई जा रही है।

**सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो, शिमला।** जिला परिषद शिमला के आगामी चुनावों से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

डीसी शिमला कार्यालय द्वारा जारी अंतिम अधिसूचना में जिले के सभी 25 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक किया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्व में प्रकाशित प्रारूप पर प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर विचार करने के बाद हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के तहत अंतिम निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधित्व को संतुलित, पारदर्शी और जनसंख्या के अनुरूप बनाना बताया गया है। अधिसूचना के अनुसार शिमला जिले को 25 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकास खंड, ग्राम पंचायतें और संबंधित गांवों का स्पष्ट उल्लेख

#### ◆ 10 दिन में आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर

किया गया है। रामपुर, ठियोग, चौपाल, जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू, ठियोग, ठियोग-देहा, ठियोग-टिक्कर, मशोबरा, बसंतपुर, ठियोग-ननखड़ी, नारकंडा, ठियोग-देवगढ़, ठियोग-केलवी, ठियोग-चैपड़ा, ठियोग-घंडा, ठियोग-ढली, ठियोग-धामी, ठियोग-टुटू, ठियोग-ठियोग नगर सहित अन्य क्षेत्रों को अलग-अलग निर्वाचन इकाइयों के रूप में परिभाषित किया गया है। परिसीमन के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी स्पष्ट की गई है, जिसमें उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम की सीमाएं संबंधित वार्डों, ग्राम पंचायतों और पड़ोसी जिलों के आधार पर तय की गई हैं। इससे यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में भौगोलिक निरंतरता बनी रहे और मतदाताओं को प्रशासनिक सुविधा मिल सके। कई क्षेत्रों में वार्डों का पुनर्संयोजन किया गया है ताकि जनसंख्या संतुलन और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व में समानता लाई जा सके। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति या जनसामान्य को इस अंतिम प्रकाशन पर कोई आपत्ति हो तो वह हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 10 के अंतर्गत अधिसूचना जारी होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर उपायुक्त शिमला के समक्ष लिखित रूप में अपील या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

## शिमला में मंदिरों के कपाट रहे बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** साल का पहला चंद्रग्रहण मंगलवार को दोपहर 3:20 बजे आरंभ हुआ और शाम 6:46 बजे समाप्त हुआ। इससे नौ घंटे पहले सुबह 6:20 बजे सूतक काल लग गया, जिसके चलते मांगलिक और शुभ कार्य वर्जित रहे। शिमला में ग्रहण शाम 6:20 से 6:46 बजे के बीच स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में पड़े इस ग्रहण का प्रभाव पूरे भारत में रहा। ग्रहण की कुल अवधि लगभग तीन घंटे 27 मिनट रही और सूतक काल में पूजा, हवन, यज्ञ तथा नए कार्यों की शुरुआत नहीं की जाती। सूतक लगते ही शिमला सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति रही, लेकिन मूर्तियों के स्पर्श और नियमित पूजा-अर्चना पर रोक लगाई गई। मंदिर समितियों ने बताया कि ग्रहण के दौरान वातावरण की शुद्धि के लिए विशेष सावधानी बरती जाती है और ग्रहण समाप्ति के बाद विधिवत शुद्धिकरण कर संध्या आरती संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं को सूतक से पूर्व घरों में रखे जल, दूध, घी, तेल, अचार और शहद में तुलसी या कुशा डालने तथा ग्रहण काल में मंत्र जाप और ध्यान करने की सलाह दी गई।

## आरडीजी बंद होने से 15 प्रतिशत का बजटीय अंतर आया : नरेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री का यह चौथा बजट ऐसे समय में आ रहा है, जब प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने से लगभग 15 प्रतिशत का वित्तीय अंतर झेलना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर करीब 75 लाख लोगों पर पड़ेगा।



उन्होंने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत विशेष श्रेणी के राज्यों को दी जाने वाली सहायता हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन 16वें वित्त आयोग द्वारा इस प्रावधान का उल्लेख न किए जाने से प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 10 हजार करोड़ रुपये तथा पांच वर्षों में करीब 50 हजार करोड़ रुपये की संभावित सहायता से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने इसे राजनीतिक नहीं बल्कि प्रदेश के अधिकारों का विषय बताते हुए कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक और विशेष विधानसभा सत्र के माध्यम से केंद्र के समक्ष तथ्यात्मक पक्ष रखा है तथा विपक्ष से भी प्रदेशहित में सहयोग की अपील की है। चौहान ने एआई समिट से जुड़े विवाद, दिल्ली पुलिस की कार्रवाई और खाड़ी देशों में तनाव की स्थिति पर भी सरकार का पक्ष स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का विरोध समिट के खिलाफ नहीं, बल्कि संभावित व्यापार समझौते के कृषि व बागवानी पर प्रभाव को लेकर था और शांतिपूर्ण विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है। दिल्ली पुलिस की बिना पूर्व अनुमति कार्रवाई को उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत बताया, हालांकि बाद में विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी की गई। खाड़ी क्षेत्र में तनाव को देखते हुए वहां रह रहे हिमाचल के लगभग 40 से 42 हजार नागरिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा हेल्पलाइन और संपर्क तंत्र स्थापित किया जा रहा है। राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वर्तमान संख्या बल कांग्रेस के पक्ष में है और प्रत्याशी का निर्णय पार्टी नेतृत्व करेगा, साथ ही सभी दलों से लोकतांत्रिक परंपराओं के सम्मान और प्रदेश के व्यापक हित में एकजुट रहने का आग्रह किया।

विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने की आकांक्षा रखने वाला कोई भी देश शुद्ध या दीर्घकालीन अनुसंधान की उपेक्षा नहीं कर सकता।

–होमी भाभा

## संपादकीय

# पर्यटकों की गुंडागर्दी

पर्यटन हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह न केवल स्थानीय व्यवसायियों, होटल मालिकों और छोटे दुकानदारों के लिए रोजगार का स्रोत है, बल्कि राज्य के विकास और सामाजिक भलाई में भी योगदान देता है। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों का स्वागत सदियों से 'अतिथि देवो भव' की भावना के साथ किया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार राज्य में पर्यटकों की सुविधाओं और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। राज्य सरकार ने सड़कें, आवास, परिवहन और मनोरंजन के आधुनिक साधन उपलब्ध कराए हैं। स्थानीय पुलिस और प्रशासन हर सत्र और पर्व पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं ताकि पर्यटक सुरक्षित और आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें।

लाहौल-स्पीति के अटल टनल के पास पंजाब के कुछ पर्यटकों द्वारा की गई हिंसक हरकत ने राज्य की कानून व्यवस्था और पर्यटन के माहौल को गंभीर चोट पहुंचाई है। होली के अवसर पर छुट्टियों का बहाना लेकर आए इन पर्यटकों ने बर्फ फेंकने के सामान्य खेल को पार करते हुए एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाए और चाकू तक लहराया। इस नंगे नाच और गुंडागर्दी से न केवल स्थानीय लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई, बल्कि अन्य पर्यटक भी डर और असुरक्षा का शिकार हुए। यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि मस्ती की सीमा का उल्लंघन कितना घातक परिणाम ला सकता है।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि इस घटना में हिमाचल के किसी भी नागरिक की भागीदारी नहीं थी। राज्य की सुरक्षा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले केवल बाहर से आए पर्यटक ही थे। हिमाचल प्रदेश का पर्यटन उद्योग केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक अनुभव और स्थानीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने का माध्यम है। यदि पर्यटन केवल मौज-मस्ती और हिंसा का कारण बने, तो यह राज्य और उसके निवासियों के लिए गंभीर समस्या बन सकता है।

इस प्रकार की घटनाएं पर्यटन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। अन्य सैलानी जो शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आए हैं, वे भयभीत हो जाते हैं। उनके मन में यह विचार आता है कि यदि राज्य की कानून व्यवस्था इन परिस्थितियों से निपटने में असमर्थ है, तो उनका समय और पैसा दोनों व्यर्थ जाएगा। इसके अलावा, राज्य की छवि भी नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है। मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म पर इस तरह की घटनाओं की खबरें फैलते ही हिमाचल प्रदेश का नाम 'गुंडागर्दी' और 'अराजकता' से जुड़ने लगता है, जो पर्यटन को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार को ऐसी घटनाओं पर सख्त कदम उठाना आवश्यक है। पुलिस विभाग को पर्याप्त शक्ति और अधिकार दिए जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हिंसक और अनुशासनहीन पर्यटकों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही राज्य को यह संदेश देना चाहिए कि हिमाचल में केवल शांतिपूर्ण, जिम्मेदार और संस्कृति-सम्मानजनक व्यवहार स्वीकार्य है। पर्यटन का उद्देश्य अनुभव और आनंद लेना है, न कि हिंसा और असभ्यता। स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ पर्यटन विभाग को भी मिलकर एक ऐसी नीति बनानी होगी, जिसमें पर्यटकों के व्यवहार और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी जाए। पार्किंग, आवास, ट्रैकिंग और ट्रांसपोर्ट जैसे क्षेत्रों में नियमों का पालन अनिवार्य होना चाहिए। यदि कोई पर्यटक नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसे तत्काल चेतावनी और आवश्यक कार्रवाई का सामना करना पड़े। इससे न केवल राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि पर्यटकों को भी यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि हिमाचल प्रदेश केवल अनुशासन और संयम के साथ आनंद लेने का स्थल है।

पर्यटकों की वजह से हिमाचल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को आर्थिक दृष्टि से बढ़ावा मिलता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि किसी भी कीमत पर राज्य की कानून व्यवस्था और सामाजिक शांति को खतरे में डाला जाए। पर्यटन के माध्यम से स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार और आय प्राप्त होती है, लेकिन यदि पर्यटक हिंसक व्यवहार करते हैं, तो यह आर्थिक लाभ भी खतरे में पड़ जाता है। अतः पर्यटन का असली उद्देश्य अनुभव और आनंद लेना होना चाहिए, न कि बदमाशी करना।

पर्यटक यह समझें कि हिमाचल केवल मनोरंजन का स्थल नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक और प्राकृतिक गौरव भी है। पर्यटक हिमाचल की सुंदरता, संस्कृति और परंपरा का आदर करें। राज्य के लोग अतिथि सत्कार में विश्वास रखते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई राज्य की कानून व्यवस्था को चुनौती दे सकता है। हिमाचल प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने के लिए सभी पर्यटकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे संयम और सम्मान के साथ व्यवहार करें। हिमाचल प्रदेश सरकार को पर्यटकों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए कि राज्य में हिंसा, अनुशासनहीनता और अव्यवस्था की कोई जगह नहीं है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### डिस्कस थ्रो की पहली महिला रिकार्डधारक



कमलप्रीत कौर
जन्म : 3 मार्च, 1976

**कमलप्रीत** कौर (जन्म : 4 मार्च 1996, बादल, मुक्तसर साहिब, पंजाब) भारतीय महिला डिस्कस थ्रोअर हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने 63.70 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में छठा स्थान हासिल किया और भारत के लिए पदक की उम्मीदें जगाई। कमलप्रीत का बचपन पढ़ाई में औसत रहा, लेकिन लंबाई और खेल कौशल ने उन्हें खेलों की ओर प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र, बादल में कोच प्रीथपाल मारू से प्रशिक्षण लिया। 2013 में बेंगलोर जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर उनका करियर बदल गया। इसके बाद साई हॉस्टल में प्रशिक्षण और पोषण की सुविधा मिली।

रांची में अंडर-20 प्रतियोगिता और 2017 में अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय चैंपियनशिप में उन्होंने रिकॉर्ड तोड़े। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के बाद पंजाब सरकार ने उन्हें 10,000 रुपये और रेलवे में नौकरी दी। 2019 में गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया और 65.06 मीटर के थ्रो के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, भारत की पहली महिला डिस्कस थ्रोअर बनीं। कमलप्रीत का जीवन मेहनत, लगन और समर्पण की प्रेरक कहानी है, जिसने भारत में महिलाओं के खेल क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए। ■



कविता

### ये होली का त्योहार है...

राकेश कुमार शास्त्री (साहित्य आचार्य)
जवाली कांगड़ा (हि.प्र.)

ये होली का त्योहार है,
फाल्गुन की रंगीन हवा में,
उड़ता रंग बेशुमार है,
बुरा न मानो भाई ये होली का त्योहार है,
लाल गुलाबी हरा नीला हुई,
रंगों की बरसात है,
गिले शिकवे सब मिट जाएं,
ये होली का त्योहार है।
प्रेम शांति और भाइचारे ,
का ये त्योहार है,
आपसी भेद मिटाए प्रेम जगाए
ऐसा ये होली का त्योहार है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ईरान-इसराइल संघर्ष और वैश्विक असर: तीसरे विश्व युद्ध की आशंका?



अश्वनी कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विश्व की राजनीतिक पटकथा में 2026 एक ऐसा वर्ष साबित हो रहा है जहां संघर्षों की आहटें चारों ओर से सुनाई दे रही हैं। एक तरफ ईरान और इसराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की लपटें भड़क रही हैं, तो दूसरी तरफ अफगानिस्तान-पाकिस्तान की सीमाओं पर गोलीबारी और हमले बढ़ते जा रहे हैं।

रूस-यूक्रेन का संघर्ष अब भी थमने का नाम नही ले रहा है , जहां दोनों पक्षों की सेनाएं एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रही हैं। इन सबके बीच, क्या यह तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत है? क्या वैश्विक शक्तियां अब एक बड़े टकराव की ओर बढ़ रही हैं? यह प्रश्न आज हर वैश्विक विश्लेषक के मन में घूम रहा है। हाल की घटनाओं में, अमेरिका और इसराइल ने ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए हैं, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनी की मौत हो गई है। ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी दी है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है।

ईरान-इसराइल और अमेरिका के बीच संघर्ष का इतिहास लंबा और जटिल है। यह 1979 की ईरानी क्रांति से शुरू होता है, जब शाह की सत्ता उखाड़ फेंकी गई और इस्लामिक गणराज्य स्थापित हुआ। ईरान ने इसराइल को अपना दुश्मन माना, जिसे वह 'छोटा शैतान' कहता है, जबकि अमेरिका को 'बड़ा शैतान'। ईरान ने क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने के लिए लेबनान मे हिजबुल्लाह, फिलिस्तीन मे हमास और यमन मे हूती विद्रोहियों जैसे प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन दिया, जो इसराइल के खिलाफ लड़ते रहे। 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान अमेरिका ने इराक का साथ दिया, जिससे ईरान की नाराजगी बढ़ी। 1990 के दशक में ईरान का परमाणु कार्यक्रम चर्चा में आया।

अमेरिका और इसराइल को डर था कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है, जो क्षेत्रीय संतुलन बिगाड़ सकता है। 2002 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने ईरान को 'एक्सिस ऑफ ईविल' में शामिल किया। ईरान का कहना था कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण ऊर्जा के लिए है, लेकिन पश्चिमी खुफिया एजेंसियां इससे असहमत थीं। 2015 में JCPOA (Joint Comprehensive Plan of action) समझौता हुआ, जिसमें ईरान ने अपने परमाणु कार्य, म पर प्रतिबंध लगाने के बदले प्रतिबंधों से राहत पाई। इस समझौते में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन और यूरोपीय संघ शामिल थे।



JCPOA ने ईरान के यूरेनियम संवर्धन को सीमित किया और IAEA (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) को निरीक्षण की अनुमति दी।

इससे ईरान को लगभग 100 अरब डॉलर की राहत मिली, लेकिन इजराइल और अमेरिका के कुछ हिस्सों में इसका विरोध हुआ क्योंकि यह ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम या क्षेत्रीय हस्तक्षेप को नहीं रोकता था। वर्ष 2018 में ट्रंप ने JCPOA से अमेरिका को बाहर निकाला और ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाने शुरू किये। इससे ईरान की अर्थव्यवस्था चरमरा गई, मुद्रास्फीति बढ़ी और बेरोजगारी फैली। ईरान ने जवाब में JCPOA का उल्लंघन शुरू किया और यूरेनियम संवर्धन बढ़ाया। वर्ष 2025 में इाराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसमें अमेरिका शामिल हुआ। फरवरी 2026 में 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' में अमेरिका और इसराइल ने ईरान पर बड़े हमले किए, जिसमें खामेनी मारे गए, जिसकी वजहें ईरान का परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रॉक्सी वार और इसराइल के खिलाफ धमकियां इत्यादि को माना जा रहा है।

ईरान और इसराइल के बीच तनाव ने वैश्विक तेल आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता पर गंभीर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जो विश्व तेल की लगभग 20% आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है, ईरान द्वारा आंशिक रूप से बंद कर दिया गया है। इससे ब्रेंट क्रूड की कीमतें लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। अमेरिका और इसराइल के हमलों के जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों जैसे यूएई, बहरीन और कुवैत पर मिसाइल हमले किए, जिससे तेल उत्पादन प्रभावित हुआ और वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनी की हालिया मौत ने देश में गुस्सा और प्रतिशोध की भावना पैदा कर दी है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि 'खामेनी का खून व्यर्थ नहीं जाएगा।' रूस और चीन का समर्थन ईरान को हथियार और आर्थिक मदद उपलब्ध करा सकता है, जबकि अमेरिका और नाटो देश इस संघर्ष में ईरान का सामना कर रहे हैं।

भारत सहित अन्य तेल आयातक देशों को आपूर्ति संकट और बढ़ती कीमतों से नुकसान होने की संभावना है। यदि संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, सोना और चांदी की कीमतें उछाल सकती हैं, और रुपये की कमजोरी बढ़ सकती है।

इसके अलावा, खाड़ी देशों में रह रहे लगभग 90 लाख भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कूटनीतिक प्रयास जरूरी हैं। यदि विश्व समुदाय सक्रिय न हुआ, तो यह छोटा संघर्ष बड़े युद्ध में बदल सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# सुशीला दीदी : निर्भीक क्रांतिकारी और समाजसेविका



डॉ.राकेश कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग,
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल कुछ विख्यात नामों तक सीमित नहीं है। इसके पन्नों में अनेक ऐसे साहसी स्त्री-पुरुषों की गाथाएं भी अंकित हैं, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसी ही एक निर्भीक और त्यागमयी क्रांतिकारी थीं सुशीला देवी, जिन्हें स्नेहपूर्वक 'दीदी' कहा जाता था। उनका जीवन साहस, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा की अद्वितीय मिसाल है। 5 मार्च 1905 को पंजाब के दंतो चूहड़ (वर्तमान पाकिस्तान) में जन्मी सुशीला देवी के पिता डॉ. करमचंद ब्रिटिश सेना में मेडिकल अफसर थे।

यद्यपि वे अंग्रेजी शासन की सेवा में थे, फिर भी उन्होंने अंग्रेजों द्वारा प्रदत्त 'राय साहब' की उपाधि को अस्वीकार कर राष्ट्रीय स्वाभिमान का परिचय दिया। परिवार आर्यसमाजी विचारधारा से प्रभावित और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत था। किशोरावस्था में माता के निधन ने सुशीला को भीतर से दृढ़ और आत्मनिर्भर बना दिया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जालंधर के आर्य कन्या महाविद्यालय में हुई, जो उस समय राष्ट्रवादी चेतना का प्रमुख केंद्र था। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार की घटना ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला और उनमें स्वतंत्रता के प्रति तीव्र आकांक्षा जागृत हुई। युवावस्था में उनका संपर्क हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े क्रांतिकारियों से हुआ। उस समय अंग्रेजी शासन का दमन अत्यंत कठोर था और क्रांतिकारी गतिविधियां पूर्णतः गुप्त रखी जाती थीं। ऐसे वातावरण में एक युवती का जोखिम उठाकर क्रांतिकारियों की सहायता करना असाधारण साहस का कार्य था। सुशीला दीदी ने सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था, गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान और आवश्यक सामग्री पहुंचाने जैसे दायित्व निभाए।

1925 के काकोरी कांड के बाद जब राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और



अन्य साथियों पर मुकदमा चला, तब सुशीला दीदी ने अपनी दिवंगत माता द्वारा विवाह हेतु सुरक्षित रखा दस तोला सोना राष्ट्रहित में समर्पित कर दिया। यद्यपि इससे क्रांतिकारियों की सजा नहीं टल सकी, परंतु उनका यह त्याग स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमिट उदाहरण बन गया। 7 अप्रैल 1927 को परीक्षा कक्ष में बैठी सुशीला ने जब बिस्मिल, रोशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी की फांसी का समाचार पढ़ा, तो वे गहरे आघात से बेहोश हो गईं। उनकी भेंट भगत सिंह, भगवती चरण बोहरा और अन्य क्रांतिकारियों से हुई। वे उन्हें बहन का सम्मान देते थे। सुशीला दीदी ने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस और निष्ठा का परिचय दिया। प्राचार्या लज्जावती के माध्यम से उनका परिचय क्रांतिकारी दुर्गा देवी बोहरा से हुआ और शीघ्र ही वे क्रांतिकारी दल की सक्रिय सदस्य बन गईं। कुछ समय वे कलकत्ता में रहीं, जहां शिक्षण कार्य करते हुए भी राष्ट्रकार्य से जुड़ी रहीं। 1928 में साइमन कमीशन विरोध के दौरान निकले जुलूस में उन्होंने अग्रिम पंक्ति में भाग लिया, और उनके साहस से प्रभावित होकर सुभाषचंद्र बोस ने उन्हें विशेष सम्मान दिया। लाला लाजपत राय की मृत्यु के बाद क्रांतिकारी गतिविधियां और तीव्र हुईं। सुशीला दीदी ने भगत सिंह और उनके साथियों को सुरक्षित आश्रय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा 'भगत सिंह डिफेंस फंड' हेतु सभाएं आयोजित कर धन संग्रह किया। 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में उन्होंने 'इंदुमति' नाम से पुरुष वेश धारण कर गिरफ्तारी दी। 1 जनवरी 1933 को उन्होंने क्रांतिकारी सहयोगी श्याम मोहन से विवाह किया और दिल्ली में महिला शिल्प विद्यालय की स्थापना कर निर्धन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य प्रारंभ किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में वे और उनके पति जेल गए।

स्वतंत्रता के बाद उन्होंने समाजसेवा को अपना ध्येय बनाया। दिल्ली के बल्लीमारान क्षेत्र में महिलाओं को हस्तशिल्प प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाया। 3 जनवरी 1963 को उनका निधन हुआ। उनका जीवन त्याग, साहस और निस्वार्थ सेवा की अमिट गाथा है, जो आज भी प्रेरणा देती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अमेरिका-इसराइल गठबंधन और भारत की विदेश नीति : शक्ति, न्याय और संतुलन



हेमसिंह ठाकुर
एडवोकेट

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां 'लोकतंत्र' और 'मानवाधिकार' केवल कूटनीतिक हथियार बनकर रह गए हैं। वैश्विक नक्शे पर शांति अक्सर केवल एक अल्पकालिक अंतराल है, जबकि युद्ध निरंतर चलने वाला उद्योग बन चुका है। इसका सबसे बड़ा प्रबंधक संयुक्त राज्य अमेरिका और सबसे घातक रणनीतिक औजार इसराइल है। गाजा की गलियां निर्दोषों के खून से सनी हैं और मध्य-पूर्व से लेकर पूर्वी यूरोप तक अस्थिरता का साया है। ऐसे समय में यह सवाल उठता है कि क्या पश्चिमी शक्तियां वास्तव में उन मूल्यों पर चल रही हैं जिनका दावा करती हैं।

अमेरिका ने दशकों से खुद को 'दुनिया का कोतवाल' घोषित किया है, लेकिन इतिहास बताता है कि इसका दखल न्याय के लिए नहीं, बल्कि उन देशों को दबाने के लिए होता है, जिन्होंने अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती दी। दो दशक पहले इराक में 'विनाशकारी हथियारों' का झूठा आरोप लगाया गया, जिससे देश खंडहर बन गया। सद्दाम हुसैन को 'आतंकी' घोषित किया गया, लेकिन कोई हथियार नहीं मिला। लीबिया में कर्नल गद्दाफी को मारा गया और आज वहां अराजकता है। ये घटनाएं दिखाती हैं कि अमेरिका का लोकतंत्र निर्यात केवल शक्ति और नियंत्रण का औजार है।

इसराइल और अमेरिका का गठबंधन रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से निर्णायक है। गाजा में इसराइल की कार्रवाई को 'आत्मरक्षा' कहना अंतरराष्ट्रीय न्याय के साथ क्रूर मजाक है। अस्पतालों, स्कूलों और बुनियादी सुविधाओं पर हमले, अरबों डॉलर की सैन्य सहायता और कूटनीतिक वीटो संरक्षण के तहत संभव हो पा रहे हैं। अमेरिका हर साल इसराइल को लगभग 31,000 करोड़ रुपए (3.8 बिलियन डॉलर) देता है, जो अमेरिकी कंपनियों से हथियारों की खरीद में बदल



जाता है। इसे 'बनिया कूटनीति' कहना भी सही प्रतीत होता है। भारत की विदेश नीति पर भी इस वैश्विक परिदृश्य का असर है। ऐतिहासिक रूप से भारत ने गुटनिरपेक्षता और स्वतंत्र निर्णय की मिसाल पेश की है, लेकिन हाल के वर्षों में अमेरिका और इसराइल के दबाव में भारत की नीति झुकी हुई नजर आती है। रूस और ईरान जैसे पारंपरिक मित्र, जिन्होंने रक्षा और ऊर्जा में सहयोग दिया, उन्हें नजरअंदाज किया गया। रूस भारत की सुरक्षा की रीढ़ है और ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह रणनीतिक महत्व रखता है। इन सहयोगों को नजरअंदाज कर भारत अपनी सुरक्षा और ऊर्जा स्वायत्तता पर जोखिम उठा रहा है। हालिया ईरान-अमेरिका तनाव इसका स्पष्ट उदाहरण है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण के लिए संघर्ष वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित कर रहा है। यदि यह संघर्ष लंबा चला, तो ऊर्जा संकट, मुद्रास्फीति और आर्थिक अस्थिरता बढ़ सकती है। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा और विदेश नीति में संतुलन बनाए रखना होगा। भारत को अपनी वैश्विक छवि मजबूत करने के लिए स्वतंत्र और संतुलित नीति अपनानी होगी। इसराइल के साथ तकनीक और रक्षा संबंध बनाए जा सकते हैं, लेकिन निर्दोषों की हत्या और मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अपनी नैतिक आवाज दबाई नहीं जा सकती। रूस और ईरान के साथ रणनीतिक सहयोग बनाए रखना और उनकी मदद से अपनी सुरक्षा और स्वायत्तता सुनिश्चित करना भारत के लिए आवश्यक है। आत्मनिर्भर रक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता से भारत किसी वैश्विक मोहरे का हिस्सा बनने से बच सकता है।

इतिहास गवाह है कि तानाशाह मर जाते हैं, साम्राज्य ढह जाते हैं, लेकिन अन्याय की छाया हमेशा रहती है। अमेरिका आज दुनिया का सबसे शक्तिशाली 'बनिया' बनकर वैश्विक नियंत्रण स्थापित कर रहा है, लेकिन अन्याय पर खड़ा कोई महल स्थायी नहीं होता। भारत को अपने मूल्यों-न्याय, शांति और स्वतंत्र निर्णय की ओर लौटना होगा। वैश्विक संघर्षों में निष्पक्ष और स्वायत्त भूमिका निभाकर भारत विश्व व्यवस्था में भरोसेमंद और स्थायी नेतृत्व स्थापित कर सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पंचायत चुनाव : प्रलोभनों, वादों और चरित्र की कसौटी पर जनता का फैसला



राकेश डोगरा
गांव कौना हल्दरा, पालमपुर
हिमाचल प्रदेश

दिसंबर 2025 में प्रस्तावित पंचायत चुनाव विभिन्न कारणों से टल गए, किंतु अब वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में इनके संपन्न होने की संभावना है। हालांकि, तिथि और महीना अभी निर्धारित नहीं हुए हैं, फिर भी गांव-गली, मोहल्लों और चौपालों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। नुक्कड़ सभाएं हो रही हैं, संभावित उम्मीदवार अपने समीकरण साध रहे हैं और मतदाता अपने-अपने स्तर पर आकलन में जुटे हैं।

कुछ ग्रामीण वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यों से संतुष्ट हैं तो कुछ नाराज। कई लोगों का कहना है कि उनके कार्य पांच वर्षों में भी पूरे नहीं हुए, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जिनके काम बिना ग्राम सभा में उपस्थित हुए ही हो गए। ऐसे अनुभवों से ग्रामीणों के मन में पक्षपात और गुटबाजी की भावना पनपना स्वाभाविक है।

ऐसे समय में महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर स्मरण हो आती है। इस कथा में पंच की गरिमा, निष्पक्षता और न्याय की सर्वोच्चता को दर्शाया गया है। संदेश स्पष्ट है-न्याय के सामने मित्रता, संबंध और स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों को इस आदर्श को आत्मसात करना चाहिए। चुनाव के समय अनेक प्रकार के प्रलोभन दिए जाते हैं। कोई पेंशन लगवाने का वादा करता है, कोई आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा देता है।

कुछ उम्मीदवार मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने का प्रयास करते हैं कि विकास उनके व्यक्तिगत प्रयासों से हुआ है, जबकि वास्तविकता यह है कि विकास सरकारी योजनाओं और सार्वजनिक धन से होता है। पंचायत प्रतिनिधि उस प्रक्रिया का माध्यम होते हैं, स्वामी नहीं। यह भी देखने में आता है कि जहां किसी उम्मीदवार को कम समर्थन मिलने की संभावना होती है, वहां समीकरण बिगाड़ने के लिए 'डमी उम्मीदवार' खड़ा कर दिया जाता है, ताकि




विरोधी मतों का बंटवारा हो सके। वहीं, मतदान से पूर्व की रात कई बार चुनावी गणित बदल देती है-मतदाताओं को बहलाने-फुसलाने और प्रभावित करने के प्रयास तेज हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश कुछ मतदाता भी बिना किसी लाभ के वोट न देने की मानसिकता बना लेते हैं, परंतु विचारणीय प्रश्न यह है कि जो उम्मीदवार वोट खरीदता है, वह बाद में जनसेवा क्यों करेगा?

हालांकि, सभी प्रतिनिधि एक जैसे नहीं होते। कुछ ईमानदार और कर्मठ लोग भी होते हैं, जो बिना भेदभाव पूरे पंचायत क्षेत्र का विकास करते हैं। वे जनता से झूठे वादे नहीं करते, बल्कि जो संभव है वही कहते हैं। ऐसे प्रतिनिधि कई बार निर्विरोध भी चुने जाते हैं, क्योंकि जनता उनके कार्यों को पहचानती है।

यह भी सत्य है कि दुनिया में हर व्यक्ति को संतुष्ट करना संभव नहीं, लेकिन संवाद और तालमेल बनाए रखना अवश्य संभव है। चुने जाने के बाद प्रतिनिधि को यह नहीं भूलना चाहिए कि वह पूरे पंचायत क्षेत्र का प्रतिनिधि है, किसी एक समूह का नहीं। पद अहंकार का नहीं, सेवा का माध्यम है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता के हाथ में है। प्रतिनिधि चाहे पांच वर्ष तक मनमानी करें, परंतु एक दिन ऐसा आता है जब जनता उन्हें आईना दिखा देती है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि वे भावनाओं, प्रलोभनों और व्यक्तिगत संबंधों से ऊपर उठकर मतदान करें। वोट उसी को दें जो निष्पक्ष हो, सबका हित सोचता हो और न्यायप्रिय हो। बहरहाल यही कहना उचित होगा कि पांच साल की मनमानी प्रतिनिधियों की हो सकती है, लेकिन एक दिन वोट वाला जनता का होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098


होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।


राष्ट्र स्तरीय
होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Vinay Gupta
Govt Contractor


राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कुलदीप चौहान
सीडीपीओ सुजानपुर


राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भीम सिंह रांगड़ा


राष्ट्र स्तरीय
होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कैप्टन रणजीत सिंह राणा
विधायक सुजानपुर विस क्षेत्र
रिटायर्ड इंस्पेक्टर
प्यार चंद


राष्ट्र स्तरीय
होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा
अध्यक्ष हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन
व उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ


राष्ट्र स्तरीय
होली महोत्सव
सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Sanjay &
Smt. Nirmala


हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग सुजानपुर
की तरफ से
राष्ट्रस्तरीय होली
महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं
राकेश गर्ग
एक्स.ई.एन. सुजानपुर
राजेश कुमार
एस.डी.ओ. सुजानपुर


राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव सुजानपुर
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देश राज चंबयाल
समाजसेवी


होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


होली पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
टिक्का अमरिन्द्र सोढी
डेरा बाबा बड़भाग सिंह जी
(बेरी साहब) की ओर से संगतों को
होली मेला की लख-लख बधाई
डेरा बाबा बड़भाग सिंह
(बेरी साहब) मैड़ी तहसील अम्ब जिला ऊना हिमाचल प्रदेश


श्री चरण गंगा परिवार
की ओर से होली पर्व एवं मेले में पधारे सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ
जय वीर नाहर सिंह जी श्रीचरणगंगा गाँव मैड़ी जिला ऊना (हि॰प्र॰)
अखण्ड धूणा
पवित्र चरणगंगा
पूज्य ध्वज
पावन समाधि
रंगों के इस पावन त्योहार होली
की आप सभी को कोटि-कोटि शुभकामनाएँ।
यह पर्व आपके जीवन में प्रेम, आनंद
और समृद्धि के रंग भर दे।
आप सभी आई हुई संगतों को बधाई एवं धन्यवाद,
जिन्होंने इस शुभ मेले को अपनी उपस्थिति से धन्य किया।
आपके सहयोग और प्रेम से ही यह दिव्य आयोजन सफल हो पाया।
श्रद्धा और भक्ति के इस पावन अवसर पर
हम शिव गोस्वामी, शादी लाल गोस्वामी, शंभू गोस्वामी, और अश्विनी गोस्वामी जी
की ओर से आप सभी भक्तों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।
भगवान श्री चरण गंगा की कृपा आप सभी पर बनी रहे!

## न्यूज ब्रीफ

### पुराने बस अड्डे तक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए माल रोड पर वाहनों की आवाजाही को लेकर आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 तथा संबंधित नियमों के तहत जारी किए गए हैं। आदेशानुसार 2 मार्च से 30 नवंबर 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवधि में प्रतिदिन सायं 5:30 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक पुराना उपायुक्त कार्यालय से पुराने बस अड्डे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, कानून व्यवस्था हेतु तैनात वाहन एवं कचरा वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना नाहन के अंतर्गत वृत नाहन शहरी-2 (अपर स्ट्रीट, महलात की घाटी) तथा नाहन शहरी-1 (मियां का मंदिर व तैली मोहल्ला) में क्रेच कार्यकर्ता और क्रेच सहायिका के पद भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार 18 मार्च 2026 तक अपने आवेदन सादे कागज पर आवश्यक दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में जमा करवा सकती हैं। कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास और सहायिका के लिए 10वीं पास निर्धारित है। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। साक्षात्कार 24 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे आयोजित होंगे।

### उप अग्निशमन केंद्र के लिए भवन की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** गृहरक्षा 11वीं वाहिनी सोलन के तहत जिला कंडाघाट में उप अग्निशमन केंद्र के लिए भवन/आवास किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी आदेशक गृह रक्षक संतोष कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 690 वर्ग फुट होना चाहिए, ताकि आवश्यक कार्यालय एवं उपकरणों की व्यवस्था सुचारु रूप से की जा सके। इच्छुक भवन स्वामी अपने भवन का पूर्ण विवरण 10 मार्च तक आदेशक गृहरक्षक, 11वीं वाहिनी सोलन को उपलब्ध करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01792-223845 पर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### पांवटा में होल्ला मोहल्ला पर निकाला नगर कीर्तन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले की गुरु नगरी गुरुद्वारा पांवटा साहिब में 342वें होला मोहल्ला का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर से विशाल नगर कीर्तन निकाला गया, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए देर शाम पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगा। पंज प्यारों की अगुवाई में सुसज्जित गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। प्रबंधक कमेटी के मैनेजर जगीर सिंह ने बताया कि प्रातः अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद दोपहर तक कीर्तन समागम आयोजित किए गए। बाहरी राज्यों से भी बड़ी संख्या में संगतें पहुंच रही हैं।

### माजरा में हमला और धमकी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना माजरा में दर्ज शिकायत के अनुसार साकिर अली पुत्र मोहम्मद इकराम निवासी मकान नंबर 2691/9, मोहल्ला रानीताल, नाहन ने आरोप लगाया कि 31 जनवरी को उसकी गाड़ी पर पत्थर मारे गए और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में बताया कि आरोपी इकराम पुत्र इस्लाम निवासी फतेहपुर, डाकघर माजरा, तहसील पांवटा साहिब ने कथित रूप से 40 लाख रुपए देने तथा अपनी पत्नी को तलाक देने की धमकी भी दी।

### लघु नाटिका से बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कश्लोग में पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सिगरेट व अन्य नशों के दुष्प्रभावों पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत कर संदेश दिया। लेखन व चित्रकला गतिविधियों के माध्यम से खान क्षेत्र के नवीनीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किए गए। 30 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जियोलॉजिस्ट बृजेश शर्मा और खान प्रमुख अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के महेंद्र मेरोलिया ने उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया। अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट से जुड़ी टीम ने तंबाकू मुक्त अभियान व सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

# शिकायत के बाद भी कामली गांव में अवैध मिट्टी गिराने पर नहीं लगी रोक

## अवैध डंपिंग से गांववासियों को झेलनी पड़ सकती है जलभराव की परेशानी

अनंत ज्ञान



कामली गांव के नजदीक की जा रही डंपिंग। अनंत ज्ञान

**महेंद्र वर्मा, परवाणू।** हिमाचल के प्रवेश द्वार परवाणू के साथ लगते कामली गांव में अवैध मिट्टी गिराने पर रोक न लगाने से स्थानीय लोगों को बरसात के दौरान जलभराव का खतरे का डर सताने लगा है। हैरानी की बात है कि 1100 पर शिकायत के बाद भी कामली गांव में अवैध मिट्टी गिराने पर रोक नहीं लग सकी।

कौशल्या नदी से छेड़छाड़ पर कामली गांव निवासी अजमेर सिंह प्रशासन को चेताया कि अवैध डंपिंग से गांववासियों को झेलनी पड़ सकती है। कौशल्या नदी में अवैध रूप से मिट्टी भराव को लेकर स्थानीय निवासी अजमेर सिंह ने खुलकर आवाज उठाई है। उनका आरोप है कि हिमुडा द्वारा बेचे गए प्लॉटों से निकाली जा रही मिट्टी को सीधे नदी में डंप कर रहे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप और बहाव गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। अजमेर ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 1100 हेल्पलाइन, प्रदूषण विभाग और टीसीपी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभाग आपसी जिम्मेदारी तय करने में उलझे हुए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध गतिविधि लगातार जारी है। अवैध मिट्टी भराव के कारण नदी का सारा पानी एक तरफ मुड़ गया है, जिससे कटाव तेज हो गया है। कुछ समय पहले गांव के एक परिवार का मकान नदी कटाव की चपेट में आ गया और उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ा था। अजमेर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले बरसात के मौसम में हालात बेकाबू हो सकते हैं। भारी बारिश या बाढ़ की स्थिति में पूरा कामली गांव खतरे में आ सकता है। उन्होंने बताया की जहां मिट्टी गिराई जा रही है वह जगह बनासर पंचायत की अधीन है तथा पंचायत की ओर से किसी भी प्रकार की खनन या डंपिंग की अनुमति किसी को नहीं दी गई है। वहीं, डंपिंग करने के लिए एक अनुमति पत्र दिखाकर गांव वालों को भर्मित किया जा रहा है, जो टकसाल पंचायत द्वारा दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके पर जांच करवाई जाए, नदी में हो रही अवैध डंपिंग पर रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# युवा सांसद महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित




युवा सांसद संवाद प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** मेरा युवा भारत सोलन की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में जिलास्तरीय राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन शेड्स लॉ कॉलेज सोलन में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल जैन, अतिरिक्त जिला उपायुक्त सोलन रहे। इस अवसर पर मेरा युवा भारत सोलन के उपनिदेशक विपिन कुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राहुल जैन ने कहा कि युवाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं विकास आधारित मूल्यों पर गहन मंथन करते हुए सरकार की नीति निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रभात कुमार, सेवानिवृत्त निदेशक, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आरपी नैंटा, निदेशक, शेड्स लॉ कॉलेज सोलन उपस्थित रहे।

# धर्मपुर क्षेत्र में दो युवकों से 8.49 ग्राम चिट्टा बरामद


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने पुलिस थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा सनवारा के समीप नाकाबंदी की थी।

इस दौरान एक बलेनो कार, जो चंडीगढ़ से सोलन की तरफ आ रही थी उसे जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार दो युवकों के कब्जे से 8.49 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना धर्मपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए गठित टीम ने अदालत की ओर से उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है।

एसपी एनएस नेगी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजकमल नेगी पुत्र रोशन लाल निवासी गांव व डाकघर खमाडी तहसील ननखड़ी जिला शिमला हाल निवासी झाखडी जिला शिमला के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि मुजरिम राजकमल नेगी को अभियोग संख्या 31/21 दिनांक 18-07-21 जैर धारा 406,420,120बी 411 आईपीसी थाना रेणुका जी में पंजीकृत केस के न्यायालय में उपस्थित न आने पर हिरासत लिया गया है। इस संदर्भ में पुलिस थाना रेणुका जी में धारा 209 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया है और तफ्तीश शुरू कर दी है।

# राजगढ़ में गुलाल की जमकर खरीदारी

अनंत ज्ञान


राजगढ़ बाजार में रंगो खरीदती युवतियां। अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** रंगों का त्योहार होली के अवसर पर राजगढ़ बाजार में काफी रौनक देखी गई। राजगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों में कारोबारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगों को सजा कर रखे हैं और लोगों द्वारा डटकर रंगों की खरीददारी की गई।

राजगढ़ क्षेत्र में 4 मार्च को होली मनाई जाएगी। इस दौरान केवल दिन में होली खेली जाती है, परंतु राजगढ़ क्षेत्र में त्रिगर्त की भांति झंडा रस्म और होलिका दहन नहीं किया जाता है। गौर रहे कि होली का इतिहास भक्त प्रहलाह से जुड़ा है।

हिरण्यकशिपु ने अपने बेटे प्रह्लाद को अग्नि की भेंट चढ़ाने के उद्देश्य से अपनी बहन होली की गोद में बिठाया गया था। दरअसल होली को आग नहीं लगती थी, परंतु ईश्वरीय कृपा से जलती अग्नि से प्रह्लाद बच गया था और हिरण्यकशिपु की बहन आग की भेंट चढ़ गई थी। इसी वजह से फाल्गुन माह की पूर्णिमा की सांय को होली का दहन किया जाता है अर्थात बुराई व अच्छाई ही जीत मानी जाती है। इसके अलावा कृष्ण भगवान की ओर से गोपियों के संग खेली गई होली का भी इतिहास भी इस पर्व से जुड़ा है।

# जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन की अंतिम अधिसूचना जारी: डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि जिले के जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन की अंतिम अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जन साधारण के अवलोकनार्थ व सूचना के लिए जिला परिषद कार्यालय, पंचायत समिति के कार्यालयों तथा जिले की सभी पंचायतों में उपलब्ध रहेंगी। जिले की ग्रामसभा क्षेत्रों का विभाजन एवं पुनर्गठन कर नई ग्राम सभा का गठन/स्थापना की अधिसूचना प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई है, जिसमें विकास खंड राजगढ़ की ग्राम सभा कोटला बांगी व डिब्बर से नई ग्राम सभा कडौली दोची, विकास खंड संगड़ाह की ग्राम सभा सांगना से नई ग्रामसभा गाताधार स्थित मंडवाच, ग्राम सभा भवाई से नई ग्राम सभा कुफर-कैंथू तथा विकास खंड़ ददाहू की ग्राम सभा भाटगढ़ से नई ग्राम सभा चाड़ना, विकास खंड नाहन की ग्राम सभा कालाअंब से दो नई ग्रामसभाएं मोगीनंद और नगल सुकेती, तथा ग्राम सभा मात्तर से नई ग्राम सभा नलका, ग्राम सभा नाहन से नई ग्राम सभा नाहन-II,(मुख्यावास स्थित खजूरना) तथा विकास खंड शिलाई की ग्रामसभा बांदली से नई ग्राम सभा सियासू की स्थापना प्रस्तावित है।

## शूलिनी विश्वविद्यालय में बायोटेक फेस्ट 2026 का आयोजन

# क्विज प्रतियोगिता में कार्तिकेय और कार्तिक परिहार बने विजेता


'एआई मॉडल और उद्यमिता' विषय पर कार्यशाला भी आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी संकाय अंतर्गत बायो इंजीनियरिंग एवं खाद्य प्रौद्योगिकी स्कूल ने बायोटेक फेस्ट 2026 का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के प्रो. मायरोन क्रिस्टोडौलाइड्स तथा अतिथि वक्ता ग्रोडिया टेक्नोलॉजीज के सीईओ डॉ. अविनाश मिश्रा रहे। प्रो. क्रिस्टोडौलाइड्स ने जीवाणु विज्ञान पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. मिश्रा ने 'एआई मॉडल और उद्यमिता' विषय पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में बायोटेक वेंचर संगोष्ठी, बायो-शास्त्री क्विज और तर्क-ए-बायोटेक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। बायोटेक वेंचर संगोष्ठी में पार्थ शर्मा, क्विज में कार्तिकेय अग्रवाल व कार्तिक परिहार विजेता रहे, जबकि बकि 'रेशनल रिकॉम्बिनेंस' टीम ने वाद-विवाद जीता। 'द लिविंग पैलेट' पोस्टर प्रतियोगिता में सुनिधि देव प्रथम रहीं। समारोह का समापन 'बायोटेक गॉट टैलेंट 2के 26' के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने मिमिक्री, कविता, नृत्य और गायन सहित विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। अन्वेक्षा तिलवानी को इस जीवंत प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया।

# रेणुका डैम का निर्माण कार्य बंद कर रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने बैठक आयोजन किया। इस अवसर पर रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने मांगे पूरी न होने पर रेणुका डैम में चल रहे कार्य को रोका और उसके बाद विरोध-प्रदर्शन किया। रेणुका डैम में नए एजीएम अरुण कपूर से मांगों को लेकर चर्चा की और उसमें 150 परिवारों की लिस्ट 20 दिन में सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने कहा कि यदि 20 दिन के अंदर यह लिस्ट नहीं निकलती तो फिर से विस्थापित रेणुका डैम का कार्य बंद करने में मजबूर होंगे।

रेणुका डैम में छह परिवार ऐसे भी हैं, जिनका 30 दिन का टाइम दिया गया है और अपने घर छोड़ने के लिए उनको सही तरीके से विस्थापन करने के लिए कहा गया है। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति की संवेदना उन 6 परिवार के साथ है और हमेशा हम उनके साथ खड़े रहेंगे। जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक वह अपने घर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में रेणुका बांध विस्थापित के अध्यक्ष विजय कुमार ठाकुर, संयोजक विनोद कुमार ठाकुर, प्रेस सचिव जोगी ठाकुर, महासचिव शुभम अत्री, सतपाल तोमर, पूरन सिंह, राकेश, हरनाम, कमल, भानू आदि मौजूद थे।

# केशव हेड ब्वॉय और मेहराब संधू बनी हेड गर्ल

◆ पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर में अलंकरण समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान


कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह छात्र परिषद को शपथ दिलाते हुए। अनंत ज्ञान

**सोलन।** पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर नव छात्र परिषद का गठन किया गया। संजय चौहान (सीनियर सेकेंडरी हेड टीचर) ने इसकी घोषणा की। परिषद में हेड बॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्ट्स एवं विभिन्न समन्वयक शामिल हुए। स्कूल के प्रमुखों द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से बैज पहनाकर पदभार सौंपा गया।

गत वर्ष के हेड ब्वॉय अर्पित शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह का नेतृत्व किया। दायित्वों की निरंतरता को सम्मान देते हुए वर्तमान छात्र परिषद ने विद्यालय के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ध्वज एवं कार्यभार नई परिषद को सौंपा। केशव भंडारी को हेड ब्वॉय तथा मेहराब संधू को हेड गर्ल घोषित किया गया। वहीं, शौर्य ग्रोवर एवं न्यरीप लेपचा को स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट नियुक्त किया गया। चिनार सदन के प्रीफेक्ट्स के रूप में आरुष राठी एवं रनायत गुलाटी, देवदार सदन के लिए विवेक छेत्री एवं मोक्षिता, ओक सदन के लिए सौबम अथोइसाना पासी एवं पावनी धीर तथा टीक सदन के लिए अरमान सहगल एवं विवेनी सिंह को नियुक्त किया गया। छात्र समन्वयक विद्यालय जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों की देखरेख करते हैं, जिनमें अधिकांश क्षेत्रों में एक छात्र एवं एक छात्रा नेतृत्व करते हैं। सभी ने अपने नए दायित्वों को उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार किया। स्पोर्ट्स की जिम्मेदारी इहित थापा एवं आस्था छेत्री को सौंपी गई तो ओरेशन (वक्तृत्व) का दायित्व भव्या वर्धन ढाका संभालेंगे। पब्लिकेशंस की जिम्मेदारी एकाक्ष झांब एवं मेहराब संधू को दी गई। इकोलॉजी का कार्य युवराज सिंगला के जिम्मे आया तथा सोशल सर्विस की जिम्मेदारी आरव महाजन को सौंपी गई। स्टेज इवेंट्स का संचालन विवेनी सिंह एवं सोरिंगजुक लेपचा करेंगे। आर्ट की जिम्मेदारी रबी हुंग सुब्बा को दी गई तथा अनुशासन की देखरेख गुरशान सिंह सेखों एवं नव्या सलारिया करेंगे। बैंड का नेतृत्व अरमान सहगल एवं मन्नत दुआ करेंगे तथा एमयूएन का दायित्व स्पर्श मुंधरा को दिया गया। पीए मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भविष्य दहिया, तथाफोटोग्राफी का कार्य शौर्य ग्रोवर को सौंपा गया। आईटी का दायित्व शुभ अग्रवाल को सौंपा गया तथा पैस्टोरल केयर की जिम्मेदारी अनहद सिंह विरक को दी गई। कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह एवं निदेशक प्रशासन समीक्षा सहित सभी स्कूल प्रमुखों ने नवनियुक्त छात्र परिषद को बधाई दी। कैप्टन सिंह ने विद्यार्थियों को शपथ की भावना को आत्मसात करने, अपने एसक्यू को सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालय के मूल 'सी' मूल्यों-केयर, करुणा सहयोग और सहभागिता को अपने आचरण में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने छात्र नेताओं से अपेक्षा की कि वे समर्पण एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने नए दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यालय की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

**खेलकूद** — विधायक ने सौरव इलेवन घनागुघाट टीम को 51 हजार रुपए व ट्रॉफी से नवाजा

# खेलों से युवाओं को नशे से रख सकते दूर: संजय

अनंत ज्ञान


विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि खेल युवाओं को जहां शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रखते हैं। वहीं नशे से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संजय अवस्थी मंगलवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की डुमैहर पंचायत में शताब्दी नायक युवक मंडल डुमैहर द्वारा 15 दिवसीय डुमैहर पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डुमैहर पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 टीमों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अवस्थी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलकूद एक बेहतरीन विकल्प है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी सदैव नशे से दूर रहता है और अपने शारीरिक विकास को अहमियत देता है। खेल युवाओं को अनुशासित, टीम वर्क, हार-जीत को अपनाने व आत्मविश्वासी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए खेल अधोसंरचना को बेहतर बनाना आवश्यक है। खेल मैदान, स्टेडियम, खेल अकादमिया व अन्य सुविधाएं युवाओं को उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार यथा संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अर्की विधानसभा क्षेत्र में युवाओं की सुविधा के लिए एक खेल अकादमी आरम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी। विधायक ने विजेता टीम सौरव इलेवन घनागुघाट को 51 हजार रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता टीम लुटरू महादेव इलेवन चम्यावल को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संजय अवस्थी ने युवक मंडल लादी को समान क्रय करने के लिए 21 हजार रुपए, उज्जवल ग्राम संगठन डुमैहर के भवन के निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए व महिला मंडल डुमैहर के भवन की मरम्मत के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने मैदान के विस्तारीकरण के लिए आगामी बजट से एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कोट सुणी में वर्षा शालिका निर्माण कार्य की स्वीकृति भी दी।

उन्होंने आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने जल शक्ति विभाग को डुमैहर व आस-पास के गांव के लिए सिंचाई योजना का प्राक्कलन तैयार कर औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# सोलन की जर्जर और बदहाल सड़कों को लेकर प्रदेश सरकार बेनकाब: अभिषेक

अनंत ज्ञान



**सोलन।** भाजपा जिला प्रवक्ता सोलन अभिषेक ठाकुर ने कहा कि सोलन की जर्जर और बदहाल सड़कों को लेकर आज प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। जनता से किए गए वादे खोखले साबित हुए हैं और धरातल पर विकास नाम की कोई चीज दिखाई नहीं दे रही।

23 फरवरी 2026 को सोलन-स्पाटू मार्ग को लेकर किए गए धरने के समय प्रदेश सरकार द्वारा बड़े-बड़े आश्वासन दिए गए थे,, लेकिन आज तक न तो कोई सड़क का मरम्मत कार्य हुआ और न ही किसी योजना का क्रियान्वयन नजर आता है। सोलन-शामती बाइपास, जिसे स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने अपना 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया करते थे, लेकिन आज जनता के लिए दुःस्वप्न बन चुका है। सोलन-राजगढ़ मार्ग हो या चंबाघाट-बसाल मार्ग, हर सड़क खस्ताहाल में है। वाहन चालक, व्यापारी, विद्यार्थी, किसान, महिलाओं और आम नागरिक रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जब ग्रामीणों ने चंबाघाट-बसाल मार्ग की दयनीय स्थिति को देखते हुए स्वयं श्रमदान कर सड़क को ठीक करने का प्रयास किया, तो सरकार ने सहयोग देने के बजाय उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी और विभाग द्वारा डैमेज नोटिस थमा दिए गए। यह सरकार की संवेदनहीनता और दमनकारी मानसिकता को दर्शाता है न खुद काम करेंगे, न किसी और को करने देंगे। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता अपनी सरकार और प्रदेश के मुखिया की छवि बचाने के लिए यह कहते नजर आए कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू 'फ्लावर नहीं, फॉयर हैं' तो आज उस फॉयर में पूरा हिमाचल जल रहा है, सुक्खू फायर तो नहीं बल्कि फ्लॉप हैं। भाजपा सोलन स्पष्ट चेतावनी देती है कि यदि सोलन क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों में शीघ्र अति शीघ्र मेटलिंग और स्थायी मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो भाजपा व्यापक और उग्र जनांदोलन छेड़ेगी। सड़कों पर उतरकर सरकार की नाकामी को उजागर किया जाएगा और इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। सोलन की जनता अब और धोखा सहन नहीं करेगी। जवाबदेही तय होगी और जनहित के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# बोर्ड की परीक्षाओं पर रखी जाएगी कड़ी नजर: एसडीएम

◆ नकल रोकने को फ्लाइंग स्क्वायड गठित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने कहा कि उपमंडल स्तर पर नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है। यह विशेष दल परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेगा। जहां-जहां बोर्ड की परीक्षाएं संचालित होंगी, वहां टीम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने कहा कि परीक्षा के दौरान उचित व्यवस्था, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की नकल या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने स्कूल प्रबंधन और अध्यापकों से अपील की कि वे परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा विद्यार्थियों को ईमानदारी से परीक्षा देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नकल जैसी प्रवृत्तियां विद्यार्थियों के भविष्य को कमजोर करती हैं, इसलिए समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि ऐसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जाए।

